


दैनिक **शुभ भास्कर**

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 | अंक-9 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ:4 , | मुल्य = 4 रूपया | शुक्रवार, 30 दिसंबर 2022

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमंडल माध्यमिक शिक्षक संघ चुनाव वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण स्थगित सुनील कुमार

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/ब्यूरो रिपोर्ट**

सारण प्रमंडल माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव के निमित्त सुजीत टीम की एक बैठक स्थानीय दलदली बाजार छपरा में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड सचिव सुनील कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सुनील कुमार ने छोभ व्यक्त करते हुए बताया कि प्रमंडलीय सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लापरवाही के कारण प्रमंडल चुनाव की तिथि स्थगित हो गई है ।विगत 7 वर्षों से प्रमंडल सचिव एवं कोषाध्यक्ष के द्वारा कोई लेखा-जोखा राज्य संघ को प्रस्तुत नहीं किया गया ।जिसके कारण प्रमंडल का चुनाव स्थगित हो गया इसकी सारी जवाबदेही प्रमंडल सचिव और प्रमंडल कोषाध्यक्ष को लेनी चाहिए ।सुनील कुमार ने बताया कि प्रमंडल के शिक्षकों में काफी आक्रोश व्याप्त है इस पूरे मामले में कहीं ना कहीं वित्तीय अनियमितता की मामला स्पष्ट झलक रही है। जिसके कारण चुनाव स्थगित करना पड़ा ।बैठक को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार ने बताया कि ऐसे लोगों को आने वाले प्रमंडल के चुनाव में सबक सिखाने की जरूरत है ।बैठक में ज्योति भूषण सिंह ने बताया कि 7 वर्षों की लेखा-जोखा की पोल शिक्षकों के बीच में खोलनी है जिसे शिक्षक अवगत हो सके ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि कि हर हाल में ऐसे लोगों को जो संघ के लिए नासूर बन के रह गए हैं उन्हें बाहर का रास्ता आने वाले चुनाव में दिखाने की जरूरत है बैठक में मुख्य रूप से डॉ रामेद्र प्रसाद गौरी शंकर उत्तम कुमार सुनील कुमार आशुतोष मिश्रा शैलेंद्र कुमार इम्तियाज हुसैन आबिद हुसैन पंकज कुमार जितेंद्र राम चंदन कुमार रविकांत सिंह रवि रंजन सिंह सुजीत कुमार मनोज यादव अरविंद यादव

### नंदलाल सिंह कॉलेज के समीप दो बाइक में हुई टक्कर

**दाऊदपुर/सारण ब्यूरो रिपोर्ट**

छपरा-सिवान मुख्य मार्ग पर स्थित नन्दलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के समीप बाइक दुर्घटना में एक बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुँची दाउदपुर थाना पुलिस ने स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलों को एकमा पीएचसी में इलाज के लिए भेज दिया जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकमा थाना क्षेत्र के हेकाम गांव निवासी जय किशुन शर्मा एवं प्रमोद शर्मा दाउदपुर बाजार से अपने बाइक से घर जा रहे थे तभी नन्दलाल सिंह कॉलेज के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया। जिसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए जबकि दुर्घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। वही घटना स्थल पर पहुंच पुलिस ने गलत साइड में जाकर ठोकर मारने वाले बाइक चालक को पकड़ अल्कोहल की जांच की और पुष्टि होने पर युवक को जेल भेज दिया और बाइक को जब्त कर लिया।

### कोल्हुआं में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर/छपरा**

प्रखण्ड के कोल्हुआं स्थित राइस मिल के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में साहाजितपुर के पैक्स अध्यक्ष अजय ओझा के तैल चित्र पर उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित की तथा उनके जीवन व कार्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता अजित सिंह ने कहा कि कुछ लोग अच्छे होते है,जो दिल में उतर जाते हैं। उनकी असामयिक मृत्यु झकझोड़ देती है। अजय ओझा कुशल नेतृत्व के धनी व्यक्ति थे। उनकी सादगी, शालीनता और मृदुभाषी स्वभाव का लोग कायल थे। पंचायत के एक एक व्यक्ति से मिलना व उनकी सुख दुख में साथ देना स्व.ओझा को आदत में शामिल था। उन्होंने जनता की सेवा के लिए ही पटना जैसे महानगर को छोड़ गांव में रहने की सोची थी। जनता ने उनका साथ भी दिया था। उन्हें पैक्स चुनाव में जीत भी मिली थी। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। मौके परे बृजमोहन सिंह,अजित सिंह, सतीश कुमार टुन्ना, कृष्ण मोहन सिंह, उनके पुत्र वे पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्तो अमृत ओझा, साकेत ओझा, धवरी के पैक्स अध्यक्ष दिलीप राय, पैक्स अध्यक्ष विवेक सिंह सहित दर्जनों पैक्स अध्यक्ष उपस्थित थे। स्व. ओझा की याद में प्रति वर्ष एक भव्य फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किये जाने का निर्णय भी लिया गया।

### गीता सुख फाउंडेशन द्वारा ठंड में जरूरतमंदों के बिच कम्बल का वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए गीता सुख फाउंडेशन ने छपरा रेलवे परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष नीतेश सिंह और संथांपक आदित्य कुमार ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया और जब तक ये सीतलहर का प्रकोप रहेगा ये चलता रहेगा। जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ ढूंढ कर दिया गया। मोर्चा के अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में राजू प्रसाद, आकाश सिंह, रोहित रावत, मनीष पांडेय, रवि कुमार चौधरी, पप्पू राय, राकेश यादव आदि सद्स्य मौजूद थे।

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मनायी गई गुरू गोविन्द सिंह की जयंती

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

कुलपति प्रोफेसर फारूक अली की अध्यक्षता में जयप्रकाश विश्वविद्यालय में खालसा पंथ के दसवें गुरु, गोविन्द सिंह की जयन्ती मनायी गई । इस अवसर पर ए० के० पाठक, वित्त परामर्शी, प्रोफेसर हरिश्चंद्र, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद एवं कुलपति कोषांग के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## भागलपुर डीआइजी के साथ जिला पुलिस पदाधिकारियों ने लिया झझवा पहाड़ का लुत्फ

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका/कटोरिया के आनंदपुर ओपी अंतर्गत छोटी शिमला कहे जाने वाले कल-कल बहती पानी बड़ूवा नदी किनारे अवस्थित झझवो पहाड़ का आनंद लेने गुरुवार को भागलपुर प्रक्षेत्र डीआइजी विवेकानंद बांका एसपी डा. सत्य प्रकाश, बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह, कटोरिया पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार, कटोरिया थानाध्यक्ष नीरज तिवारी, आनंदपुर ओपीध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहित कइ पुलिस पदाधिकारियों ने झझवा पहाड़ का आनंद लिया । नये वर्ष का बतोर पिकनिक के रूप में छोटी शिमला कहा जाता है झझवा पहाड़ । नदी के किनारे बसा एक दुर्गा मंदिर है जो कटोरिया-सिमुलतला टेलवा सूइया के बीच पड़ता है । यह सुदूरवर्ती इलाके में लोगों ने नये साल पर पिकनिक मनाने के उद्देश्य से आते हैं । जबकि भागलपुर प्रक्षेत्र डीआइजी अपने पूरे परिवार के साथ यहां पहाड़ी व जंगली पठार कल-कल नदी का लुफ्त उठाया। साथ ही सेल्फी लिया अपने मोबाइल में यहां का पिक्कर उठाया । उसके बाद नुनेश्वर मरांडी का बगीचा का आनंद लिया, उन बगीचे में हजारों पेड़ पौधे फूल-फल सब्जी लगा हुआ है। जिससे देखने पर बड़ी सराहना किया। फिर कटोरिया के वन विभाग गेस्ट हाउस भवन में चाय का आनंद लिया।

### पिता पुत्र के बीच हुए आपसी विवाद में पुत्र ने पिता को गोली मारकर की हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर मधुबनी / बिहार**

मधुबनी जिला के फुलपरास थाना क्षेत्र में फूलकाही गांव में गुरूवार को आपसी विवाद में हैवान बेटे ने पिता को गोली मारकर की हत्या। बताते चले कि पिता पुत्र में कई माह से विवाद चल रहा था इसको लेकर कल दिन में भी पिता और पुत्र के बीच झड़प हुआ था, आपसी विवाद को लेकर पुत्र ने अपने पिता को गोली मारकर की हत्या जिसके बाद गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े वही गोली लगे व्यक्ति को लोगों ने जख्मी हालत में उठाकर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने लगे उसी क्रम में उस व्यक्ति की मौत हो गई अस्पताल में पहुंचते ही डॉक्टर ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वह इस घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की सूचना फुलपरास थाना को दी गई सूचना पाते ही फुलपरास थाना घटनास्थल पर पहुंचे साथ ही मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया पास के लोगों से पूछताछ करने लगे साथी पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी कर मधुबनी सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गए। वहीं इस घटना में मृतक व्यक्ति की पहचान योगेंद्र यादव उम्र 50 वर्ष फूलकाही गांव निवासी के रूप में हुई है। वह इस घटना को अंजाम देने के बाद पुत्र घटनास्थल से फरार हो रखा है पुलिस इस मामले को लेकर पुत्र की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### रसलपूर ओ पी थाना ने 65 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया




**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**

भागलपुर जिला के रसलपुर ओ पी थाना क्षेत्र मे ठाकुरवाडी चौक मे वाहन चेकिंग के दौरान शराब टोटो पर लेकर जा रहा था टोटो एकचारी स्टेशन की तरफ से आ रही थी जो टोटो एंव एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया युवक की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र के पकड़तल्ला षगांव निवासी सुबोध कुमार के रूप मे पहचान हुई रसलपुर ओ पी थानाध्यक्ष कन्हैया कूमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान टोटो पर शराब लेकर एकचारी स्टेशन की तरफ आ रहा था युवक के पास से 65 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ है

### संगठन मजबूती को लेकर जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा की मौजूदगी में कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर न्यूज सेख समीम की रिपोर्ट**



गुरुवार को कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक बनकाटी स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्याधर दलाल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का कार्यकताओं द्वारा जोशो खरोश के साथ स्वागत किया गया। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा प्रखंड से लेकर पंचायत तक यह यात्रा कैसा हो इस पर विचार विमर्श किया गया। वही प्रखंड कमेटी का गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 50-50 लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाएं कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत का सबसे पुराना पार्टी है यह भारत को अंग्रेजों के गुलामी से आजाद कराया तथा कई सारे प्रधानमंत्री दिए। उन्होंने कहा कि संगठन में जो भी खामियां है, उसे पूर्ण किया जाएगा। पिछले त्रुटियों को सुधार कर नए सिरे से पार्टी को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ता पार्टी में जोड़ने की बात कही। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी कॉन्ग्रेस पार्टी के उम्मीदवार एवं समर्थित उम्मीदवार को जिताएंगे। जामताड़ा जिला में कांग्रेस पार्टी चुनौती भरा है इस चुनौती का सामना करने के लिए मुझे जिला अध्यक्ष बनाया गया है कहा कि चुनौती से लड़कर संगठन को धारदार बनाऊंगा। मौके पर जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के अलावे प्रखंड अध्यक्ष विद्याधर दलाल, श्यासुल हक, फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष जलालूद्दिन अंसारी,विमल कुमार भैया,अभय सिंह, रंजित मंडल, बाबलु सेख, कन्हाई वागती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य उप केन्द्र का संयुक्त रूप से किया शिलान्यास

**जामताड़ा से दैनिक शुभ भास्कर सेख समीम की रिपोर्ट**



फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत बान्दरनाचा पंचायत के ग्राम बावनबांदी में 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत स्वास्थ्य अनुदान मद से उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण का विधिवत संयुक्त रूप से विधायक विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन जिला परिषद उपाध्यक्ष फुल कुमारी देवी के प्रतिनिधि महेन्द्र मंडल, जिला परिषद सदस्य पूरन पुजहर मुखिया श्रीदाम मरांडी ने बारी बारी से नारियल फोड़कर तथा संयुक्त रूप से सिलावट का अनावरण के किए। बताते चलें कि उक्त शिलान्यास कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो विधायक विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन जिला परिषद उपाध्यक्ष फुल कुमारी देवी के प्रतिनिधि ने मिलकर स्वास्थ्य केंद्र निर्माण करने की हरी झंडी दिखा दी। समय सीमा के अंदर शिलान्यास कार्यक्रम नहीं हो पाया ।बताते चलें की झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने प्रश्न उठाया की जबकि पंचायत राज के तहत मुखिया जनप्रतिनिधि का नाम होना चाहिए था शिलापट में। परंतु ऐसा नहीं किया गया था। इसी प्रश्न को सुलझाने का दौर अध्यक्ष महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।उन्होंने सब का मान अभिमान और उद्देश्य के साथ पंचायत पंचायती राज अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त शिलापट में स्थानीय जनप्रतिनिधि का नाम जोड़ देने का फरमान जारी किए। इसके साथ ही आपसी मिलाप के साथ शिलान्यास कार्यक्रम पूरा किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के20 सूत्री के अध्यक्ष परेश यादव प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो अशोक महतो, नरेश मुर्मू नारायण दास ,आनंद चौधरी कार्तिक मेहता, दामोदर ठाकुर कामेश मंडल, अनंत मंडल, कृष्ण गोपाल महतो, प्रमोद महतो, बबलू मिर्धा , भाजपा के अमित भैया, संजय मंडल, नंदकिशोर झा ,सुमित मेहता ।

## एक नजर

### निजी अस्पताल में दो सीने से सटी बच्ची का हुआ जन्म



कजरैली के मोहद्दीपुर निवासी संतोष कुमार की पत्नी अंजना देवी ने दिया दोनो बच्ची को जन्म थाना क्षेत्र के घोषीटोला स्थित एक निजी अस्पताल में कजरैली के मोहद्दीपुर निवासी संतोष कुमार की पत्नी अंजना देवी ने दो नवजात सीने से सटी बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का जन्म 28 सप्ताह में हुआ। स्त्री रोग विशेषज्ञा डा.अन्वेशा ने बताया कि दोनो बच्ची के मातृ का इलाज उन्ही के निगरानी में चल रहा था। गुरुवार के दिन मातृ शक्ति को पीड़ा हुई, जिसके बाद इलाज के दौरान दोनों बच्ची का जन्म हुआ। दोनो बच्ची का सीना एक दूसरे से सटा हुआ है। जन्म के बाद दोनो बच्ची सुरक्षित है। माता पिता सभी खुश है। बच्ची भी आम बच्चों की तरह जन्म लेते ही रोइ है।

### तीनों नगर निकायों का मतगणना अवस्थित कृषि उत्पादन बाजार बाजार समिति अररिया के प्रांगण में संपन्न कराया जाना है

**जिला संवाददाता मासूम रजा**

नगर निकाय आम चुनाव 2022 अन्तर्गत अररिया जिला के तीन नगर पंचायत यथा- जोकीहाट, रानीगंज एवं नरपतगंज का दिनांक 30.12.2022 को मतगणना निर्धारित है। तीनों नगर निकायों का मतगणना कार्य अररिया जिला मुख्यालय अवस्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया के प्रांगण में सम्पन्न कराया जाना है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न०पा०) - सह - जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा आदेश जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मतगणना के पश्चात तीनों नगर पंचायतों में जीते हुए प्रत्याशियों एवं उसके समर्थकों द्वारा विजय जुलूस निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। निर्देशित किया गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अररिया/फारबिसगंज इसका अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे ।निवार्ची पदाधिकारी अपने स्तर से इस आशय की सूचना प्रत्याशियों को देंगे। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में भी उक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/अर्जुन सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(न)-सह-जिलाधिकारी, राजेश मीणा ने बताया कि नगर पालिका चुनाव- 2022 के तहत नगर पंचायत मांझी, कोपा, मशरख एवं नगर निगम, छपरा में मतदान का कार्य विगत 28 दिसंबर को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो चुका है। मतदान के उपरांत मतगणना जिला स्कूल, छपरा एवं राजकीय कन्या उच्चत्तर विद्यालय, छपरा में आगामी 30 दिसंबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जिला स्कूल छपरा के नये भवन में नगर पंचायत कोपा का एवं जिला स्कूल के पुराने भवन में नगर निगम छपरा का मतगणना होगा जबकि नगर पंचायत मांझी, एवं नगर पंचायत मशरख का मतगणना राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपरा में होगा। निर्धारित तिथि को इस मतगणना कार्य को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एवं मतगणना समाप्ति एवं परिणाम घोषित होने के उपरांत विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सम्पूर्ण छपरा शहर सहित नगर पंचायत मांझी,मशरख एवं कोपा क्षेत्रान्तर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू किया गया है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता में परिभाषित अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी व्यक्ति को लाठी, भाला, गड़ासा, छूरा, अन्य घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक इत्यादि लेकर चलने पर रोक रहेगी। सुबह 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग एवं उपयोग नहीं होगा। निषिद्ध क्षेत्र में सरकारी व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों का मोबाईल, सेल्युलर फोन एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण बंद रहेंगे। सम्पूर्ण छपरा शहर सहित नगर पंचायत कोपा, मशरख एवं मांझी के क्षेत्रान्तर्गत निषेधाज्ञा लागू रहने के कारण मतगणना समाप्ति के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी/ जनप्रतिनिधि/राजनैतिक दल को विजयी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी, पुलिस एवं सैन्य बल के कर्मचारियों जो उपर्युक्त मतगणना कार्य में नियुक्त हैं, सरकार अथवा प्रशासन द्वारा निर्गत पासधारियों, शांतिपूर्ण मतगणना कार्य में लगे कर्मियों , शव यात्रा, धार्मिक जुलूस और शादी विवाह के कार्यक्रम में शामिल लोगों पर लागू नही होगी।

### शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा भ्रष्टाचार - अर्जुन सिंह

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**

युवाओं को तकनीकी शिक्षा की कमी के चलते बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए प्रत्येक सरकारी संस्थाओं को तकनीकी रूप से विकसित करना चाहिए। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि इलाके और प्रदेश का भी विकास होगा। द एडमिशन लिंक के प्रवंधक अर्जुन सिंह ने कहा कि यदि राष्ट्र की युवा शक्ति शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा को भी अपनाती है तो वह अपने स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए रोजगार के अवसर जल्द प्राप्त कर सकती हैमेरी नजर में प्रमुख मुद्दा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा भ्रष्टाचार है। इसे समाप्त करने के लिए शिक्षित और युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा का विस्तार किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें भ्रष्टाचार का सहारा न लेना पड़ा। युवाओं में कुछ नया करने का जज्बा होता है। इसलिए ईमानदार और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए युवाओं को आगे लाने के लिए ठोस नीति बननी चाहिए ।युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए मेरी नजर में योग्यता के अनुसार भी रोजगार नहीं मिलना सबसे बड़ा मुद्दा है। इसके लिए ठोस नीति बननी चाहिए, ताकि केवल स्नातक कर बेरोजगार घूम रहे युवाओं को भी रोजगार मिल सके। राजनीतिक पार्टियां युवाओं को वोट का मोहरा बना रही हैं। उन्हें रोजगार के लिए भी बेहतर विकल्प मुहैया कराए जाने चाहिए।

# दारौंदा में मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

**सीवान/दरौंदा। ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार**



प्रखंड के अलग अलग शैक्षणिक संस्थाओं व कार्यालय में सिख धर्म के 10 वें और अंतिम गुरु गोबिंद सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई. जिला पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव ने अपने कार्यालय में गुरु गोविंद सिंह के फोटो पर पुष्प अर्पित किया. कमलेश यादव ने शौर्य और साहस के प्रतीक गुरु गोबिंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बिहार के पटना में हुआ था. गुरु गोबिंद सिंह एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ एक योद्धा, कवि और दार्शनिक भी थे. गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी. गुरु गोबिंद सिंह के जन्म दिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है. इन्होंने ही गुरु ग्रंथ साहिब को पूर्ण किया. वही दूसरी तरफ मध्य विद्यालय कोडारी कला, ब्राइट कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल विश्वंभरपुर, ज्ञानलोक आवासीय विद्यालय, वीणा मोंटेसरी विद्यालय, कोस्टल रेजिडेंशियल स्कूल, जीडी पब्लिक स्कूल, डिवाइन लाइट स्कूल, सुखराम पब्लिक स्कूल, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल, शिवजी प्रसाद पब्लिक स्कूल, विद्या निकेतन, जेपी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, एसवीएम चिल्ड्रन एकेडमी में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई.

# मशरक थाना परिसर में देशी व विदेशी शराब का हुआ विनिष्टिकरण, उत्पाद अधिकारी रहे मौजुद

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक/छपरा**

मशरक थाना परिसर में गुरुवार को भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मशरक थाना में 34 कांडो में जब्त की गई देशी और अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण न्यायालय के आदेश के आलोक में दंडाधिकारी एवं उत्पाद अधिकारी की मौजूदगी में किया गया। नष्ट किए गए अंग्रेजी शराब की मात्रा 2 हजार 689 लीटर था, जिसका बाजार मूल्य 40 लाख के आसपास बताया जा रहा है। वहीं स्प्रिट की मात्र 7466 लीटर थी, जिसका बाजार मूल्य 15 लाख रुपए बताया जा रहा है। आपको बता दे कि जहरीली शराब के सेवन से मशरक में 42 लोगो के मौत के बाद थाना परिसर में रखा स्प्रिट सुर्खियों में आया



था।उत्पाद अधिकारी ने बताया की सारण डीएम द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार, जमादार प्रमोद कुमार, भृगुनाथ सिंह, जमादार प्रमोद कुमार की उपस्थिति में थाना परिसर में ही जब्त शराब को फोड़ कर बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 30 कांडों में जब्त की गई देशी और अंग्रेजी शराब 2689 लीटर नष्ट की गई। वहीं शराबबंदी के पहले की जब्त की गई दो सौ लीटर के ड्रम में रखें 7 हजार 466 लीटर स्प्रिट को विनष्ट किया गया।

# शराब पीने के मामले में गिरफ्तार शराबी को पुलिस ने भेजा न्यायालय



**दरौंदा। सिवान ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**

थाना के अलग अलग जगहों से शराबियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जांच अभियान चला रही है. जांच के क्रम में शराब पी कर तांडव कर रहे एक शराबी को पुलिस ने बुधवार को देर संध्या गिरफ्तार कर लिया . इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि कंगाली छपरा गांव से चंद्रिका शर्मा के पुत्र भरत शर्मा को पुलिस ने शराब पीने के मामले में गिरफ्तार कर लिया. शराब पीने के मामले में गिरफ्तार शराबी को गुरुवार को न्यायालय भेज दिया गया.

# कृषि अधिकारी ने यूरिया काला बाजारी को रोकने के लिए चलाया जांच अभियान

**सीवान/दरौंदा। ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**

स्थानीय बाजार पर स्थित खाद-बीज दुकान का गुरुवार को सहायक प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामप्रीत गुप्ता एवं कृषि समन्वयक शशि रंजन ने निरीक्षण किया. बाजार में दुकानदारों द्वारा यूरिया खत्म होने की बात कह कर अवैध रूप से अधिक मूल्य में किसानों को बेच रहे हैं. किसान सुबह से खाद लेने के लिए दुकानों का चक्कर काटते रहे.

लेकिन दुकानदारों द्वारा अधिक मूल्य लेने के लिए पॉस मशीन नही चलने का बहाना बनाया गया. किसानों को यूरिया की आवश्यकता थी. इसलिए वे भी अधिक पैसा देने को मजबूर थे. किसान जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, कृष्णा कुमार साह, भानुप्रताप सिंह, राजीव कुमार भारती, एजाजुल हक द्वारा शिकायत



दिए जाने के बाद सहायक प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने जांच किया. जांच के दौरान उन्होंने स्टॉक पंजी, पॉस मशीन को देखा. स्टॉक होने के बाद अधिकारियों ने अपने सामने किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया. यूरिया खाद लेने के लिए किसान सुजीत कुमार यादव, धीरेंद्र गुप्ता, नंदकिशोर यादव, बिरेंद्र यादव, अच्छेलाल साह, उपेंद्र कुमार, राजकुमार ठाकुर के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद रहे.

# छपरा जंक्शन स्टेशन पर चेकिंग के दौरान लावारिस हालत में मिला शराब से भरा बैग बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**



आज एएलटीएफ प्रभार के अनुसार समकालीन अभियान के तहत चेकिंग के तहत विशेष चेकिंग के दौरान छपरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 02 पर खडी गाड़ी सं0 15232 डा0 गोंदिया एक्स0 के बोगी सं0 एस/1 में शौचालय के पास रखा एक लाल रंग के ट्रॉली बैग से (1)12 पीस किंगफिशर बीयर प्रत्येक 500 एमएल का (2)12 बोतल पुराना मोंक रम प्रत्येक 375एमएल का एवं(3) 07 बॉटल ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की प्रत्येक 375 एमएल का कुल 13.125 लीटर अंग्रेजी शराब निर्माण की बिक्री उत्तर प्रदेश बरामद होने के बाद लिखित आवेदन के साथ थाना दृश्य। जिसके आधार पर रेल थाना छपरा कांड सं0 282/22 दिनांक -29/12/2022 धारा -30(क)बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संसोधित अधि0 2018 के तहत अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चोरों ने दरवाजे से दो बाइके चुराई



**जलालपुर /छपरा**

स्थानीय थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया ग्राम से बीती रात एक ही टोले से घर के बसेमदे मे खड़ी दो मोटरसाइकिल चोरों ने चुरा लीपीड़ित बाइक मालिकों मुन्ना मिश्र तथा सुजीत मिश्र ने इस संबंध में जलालपुर थाना को सूचना दी सूचना के बाद चोरी की इस घटना की पुलिस जांच कर रही है वहीं इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मचा है

# हड़सर पंचायत में नलजल के पैसा गबन मामले में सचिव गिरफ्तार

**सीवान/दरौंदा। ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**



प्रखंड के हड़सर पंचायत के पूर्व वार्ड सचिव की गिरफ्तारी गुरुवार को पुलिस ने कर लिया. बता दे कि थाना कांड संख्या 136/2019 के नामजद आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दरौंदा बाजार से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि थाना क्षेत्र के हाथोपुर गांव निवासी रमेश राम के पुत्र व हड़सर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के पूर्व वार्ड सचिव कमलेश कुमार राम उर्फ अवधेश कुमार राम को नल जल योजना के गबन के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है. बताया जाता है कि तत्कालीन बीडीओ रीता कुमारी के निर्देश पर तत्कालीन पंचायत सचिव चन्देश्वर पाठक के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया था. तभी से पूर्व वार्ड सचिव कमलेश कुमार फरार चल रहा था. जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इसके पूर्व में वार्ड सदस्य मनोज राम की गिरफ्तारी हों चुकी है. वह अभी जमानत पर है.

# शिशुओं के संपूर्ण मानसिक तथा शरीरिक विकास के लिए जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान महत्वपूर्ण

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण /अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

छपरा ।कुपोषित बच्चों में कमी लाने में माँ कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसका अनुश्रवण बिहार विकास मिशन के अंर्तगत किया जा रहा है। माँ कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश राय ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। जारी पत्र के माध्यम से माँ कार्यक्रम के द्वारा नवजात शिशु की बेहतर देखभाल के लिए अधिक से अधिक लोगों को स्तनपान के फायदों से अवगत कराने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। नवजात शिशु के लिए एक घंटे के भीतर माँ का पीला गाढ़ा दूध एवं कम से कम छह महीने तक सिर्फ और सिर्फ मां का स्तनपान बेहद जरूरी होता है। यदि बच्चे को जन्म के पहले घंटे के अंदर माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध पिलाया जाये तो ऐसे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। नियमित स्तनपान शिशु को डायरिया एवं निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचाव करता है, जिससे शिशु के बेहतर पोषण की बुनियाद तैयार होती है।एनएचएफएस-5 (2019-20) के अनुसार राज्य में 42.9 प्रतिशत बच्चे नाटेपन, 41 प्रतिशत बच्चे उम्र के अनुसार कम वजन, 22.9 प्रतिशत दुबलेपन तथा 8.8 प्रतिशत बच्चे अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित हैं



। राज्य में 31.9 प्रतिशत नवजातों को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराया जा रहा है। साथ ही 53.4 प्रतिशत छह माह तक के बच्चों को एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग दी जा रही है। नवजात शिशु की बेहतर देखभाल में स्तनपान की भूमिका सबसे अहम:सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि नवजात शिशु की बेहतर देखभाल के लिए मदर ऑब्सोल्यूट अफेक्शन माँ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मालूम हो कि नवजात शिशु की बेहतर देखभाल में स्तनपान की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। इसको लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथझसाथ आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका, जीविका दीदी के द्वारा घर- घर जाकर सामुदायिक स्तर पर भी लोगों को छह महीने तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में होने वाले प्रसव के बाद नर्स एवं चिकित्सकों के द्वारा एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान सुनिश्चित कराने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने पर माताओं को 6 माह तक केवल स्तनपान कराये जाने के लिए विशेष रूप से परामर्श दिया जा रहा है।छह महीने तक नियमित स्तनपान से नवजात शिशु को होने वाले फायदे : शिशु की रोग-प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि शिशु मृत्यु दर में कमी डायरिया एवं निमोनिया से शिशु का लगातार बचाव शिशु का सम्पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास शिशु का अन्य संक्रामक रोगों से बचाव मां ह्ल कार्यक्रम से स्तनपान को मिल रहा है बढ़ावा :सामुदायिक स्तर पर गर्भवती एवं धात्री माताओं के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के बीच स्तनपान को लेकर सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से ही मदर ऑब्सोल्यूट अफेक्शनह्ल प्रोग्राम ( ह्यमांह्ल ) की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम के जरिए अधिक से अधिक परिवारों को स्तनपान के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस कार्य में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका एएनएम और जीविका दीदी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी की पुत्री स्वाति कौशल बनी मिसेज बिहार



**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/मनोरंजन पाठक/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी की पुत्री स्वाति कौशल बनी मिसेज बिहार, वही मिस बिहार का ताज मिला सुश्री शीतल को । बिहार आइकॉन माने जाने वाले नीतीश चंद्रा द्वारा औरम पाटलिपुत्रा,पटना में मिस एवम मिसेज ग्लोबल बिहार का प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस प्रतियोगिता में बिहार एवम अन्य राज्यो के प्रतिभागियों ने भाग लिया।निर्णायक मंडल में बिहार और देश के नामचीन 16 निर्णायकों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार ,मिसेज बिहार का ताज स्वाति कौशल ने जीत लिया।स्वाति कौशल सारण जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी ,कौशल किशोर की पुत्री है।स्वाति अभी पटना में कैनरा बैंक में मैनेजर पद भी काम कर रही वही मिस बिहार का ताज सुश्री शीतल के सर सजा।

# कर्नाटक के बेंगलुरु में मजदूरी करने गए ,एक व्यक्ति की मौत परिवार में मचा कोहराम

**दाऊदपुर/छपरा ब्यूरो रिपोर्ट**



दाउदपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा बाजार निवासी मुस्लिम खान के पुत्र 45 वर्षीय हपिमुद्दीन खान उर्फ अकीम खान की असामयिक निधन के बाद जब उसके शव को गांव लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों व रिश्तेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। पिता मुस्लिम खान जहां सिसक रहे थे। वहीं माँ मैतून खातून, पत्नी शमीमा खातून व बच्चे बिलख-बिलख कर रो रहे थे। जानकारी मिलने पर राजद नेता मन्नान खान, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, डॉ. जमीर, महम्मद सलीम समेत कई लोगों ने पहुंच कर शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी। परिजनों व रिश्तेदारों ने बताया कि अकीम खान बेंगलुरु के कंगेरु नामक स्थान पर रहकर राजमिस्त्री के साथ मजदूर का काम करता था। दो दिन पहले रात में जब वह अपने रूम पर था। तभी उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। उसके बाद साथ रहने वाले लोग आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पास में स्थित विक्टोरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अकीम खान का निधन हो गया। उसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को हवाई जहाज से पटना उसके बाद एक अन्य वाहन से कोहड़ा गांव लाया गया। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था।

# परिवाद पत्रों के निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों पर होगी अनुशासनिक कार्रवाईः डीएम

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/अर्जुन सिंह/ब्यूरो रिपोर्ट पवन कुमार सिंह**

सारण में विकास कार्यों को तेज गति देने और लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गयी.बैठक में लोक शिकायत निवारण कार्यालय में प्राप्त परिवाद पत्रों के निष्पादन की भी समीक्षा की गया जिलाधिकारी के द्वारा समीक्षा के क्रम में बताया गया कि लोक शिकायत निवारण सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में है अतएव तय समय सीमा के अंदर हर हाल में लोक शिकायत से संबंधित परिवादों का निष्पादन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।परिवाद पत्रों के निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक दण्ड स्वरुप लगाने की चेतावनी दी गयी।जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट कहा गया कि लोक शिकायत निवारण कार्यालय में सुनवाई से अनुपस्थित रहने वालों पर भी आर्थिक दण्ड लगाने के साथ-साथ अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।लंबित कोर्ट केसों पर भी चर्चा बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित कोर्ट केस से संबंधित सीडब्लूजेसी, एवं एमजेसी के लंबित वादों की सघन समीक्षा की गई। विभागवार समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी राजेश मीणा ने निर्देश देते हुए कहा कि जमीन विवाद से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक शनिवार को कैंप



आयोजित कर निष्पादित करें।जनता दरबार में प्राप्त परिवाद पत्र से संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान को प्राथमिकता के आधार पर मामलों के निष्पादन का आदेश दिया गया. बैठक में प्रधान मंत्री आवास योजना, आवाज प्लस योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी।जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट रुप से सख्त चेतावनी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया कि अविलम्ब आवास योजनाओं के निर्माण कार्य में प्रगति लावें।प्रखंडवार आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में अब तक किये गये कार्यों से गहरा असंतोष जताया गया. उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीबों का आवास निर्माण कार्य सर्वोच्य प्राथमिकता सूची में शामिल है. अतएव इस योजना की लगातार उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही हैं.एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने पर बल दिया. जिलाधिकारी ने सभी सीओ को स्पष्ट निदेश दिया कि सरकारी तालाबों पर किये गये अतिक्रमण को अतिशीघ्र हटाया जाय. सभी तालाबों से शत-प्रतिशत अतिक्रमण एक सप्ताह के अंदर हटाये जाने का टास्क दिया गया।जल-जीवन-हरियाली के द्वितीय चरण प्रारंभ होने की जानकारी दी गयी।लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निदेश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया।प्रत्येक पंचायत में कचड़ा को निष्पादित करने के लिये जल्द ही कार्ययोजना बनाने का निदेश दिया गया।जिला पदाधिकारी महोदय ने बताया की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार बनाए जाने की सरकार के द्वारा योजना प्रस्तावित है. वैसे पंचायत जहां अब तक पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं कराया गया है जल्द से जल्द जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया. सभी सीओ को कल्याण विभाग द्वारा महादलित टोले में सामुदायिक भवन बनायें जाने के लिये जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया. शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को सक्रिय होकर थानाप्रभारी के साथ साप्ताहिक बैठक करने का निर्देश दिया गया. सभी निर्मित पंचायत सरकार भवनों को शत-प्रतिशत सक्रिय कर कर्मीगणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया. जीरो टालरेन्स की नीति पर बल देते हुए विभिन्न विभागों के आरोपी कर्मीगणों पर चल रहे विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की गयी.

# जोकीहाट विधायक सह आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम पहुंचे बटुरबाड़ी पंचायत

**रिपोर्टर हयात दानिश जोकीहाट**



अररिया के बटुरबाड़ी पंचायत में बीते 25 नवंबर से 22 दिसंबर तक लगातार हुए आगजनी की घटनाओं में करीब 100 लोगों के घर जल कर राख हो गए हैं वही आज बृहस्पतिवार को जोकीहाट विधायक सह आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम ने घटना स्थल का जायजा लिया और अग्निपीड़ित लोगों से मुलाकात की तथा उनका साथ दुख व्यक्त किया आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से वही आपदा प्रबंधन मंत्री सह जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम पूरे परिवार के लोगों को मुआवजा राशि दिलाने की बात कही है

# फाइनल मुकाबला मंगलवार चरैया वनाम मुरलीगंज

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया मोहन कुमार**



भरगामा प्रखंड के उत्क्रमित विद्यालय मंगलवार चरैया युवा कमि बीवीटी क्लब ओर मुरलीगंज के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। मुरलीगंज के कप्तान गुरुसरण ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। समय ज्यादा हो जाने के कारण 20 ओवर के जगह 16 ओवर का खेल हुआ,जिसमे मुरलीगंज ने 142 रन बनाए। उसके बाद बैटिंग करने उतरी युवा कमिटी क्लब 5 विकेट के नुकसान पर यह मैच जीत लिया जिसमे मैन ऑफ द मैच युवा कमिटी क्लब के कप्तान रवि मिश्र रॉकी को दिया गया जिसने 61 रन बनाए। मैन ऑफ द सीरीज घोषित का पुरस्कार उप विजेता टीम के रोशन पटवे को दिया गया। इस मैच का वीनिंग प्राइज 5100 एवं रनिंग प्राइज 3100 दिया गया। मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बब्बन सिंह एवं हजारो की संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। व्यवस्थापक नंदन कुमार ठाकुर बताते हैं कि 2 वर्षों से इस मैदान पर खेल कूद बाधित था वही समाजसेवी और ग्रामीणों के अथक प्रयास से खेलकूद की शुरूआत की गई जिसमें सभी ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं का मनोबल बढ़ता है और यही युवा आगे चलकर राज्य और देश के लिए खेलते हैं। इस मौकेपर विजय मिश्र अध्यक्ष समाजिक युवा समिती ,रविशंकर मिश्र कमांडेंट बीएसएफ, पूर्व मुखिया फुल कुमार मिश्र, वर्तमान मुखिया उदयशंकर राम,निरंजन मिश्र, मनोज वर्मा,अनिश वर्मा,पूर्व जिलापरिषद राजेश चंद्र झा ,पूर्व समिति अशोक झा,पूर्व प्रधानाध्यापक निर्गुण पाठक,सचिव जिला क्रिकेट एसोसिएशन नंदन कुमार ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बिजली सिंह,सन्नी वर्मा बजरंग दल अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा, लालचून, संदीप मिश्रा, मुस्कान, गुड्डु चौधरी, बिट्टू कुमार झा, पीयूष कुमार, अमन मिश्रा, सिकंदर ऋषिदेव वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# अररिया सांसद के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ता ने फल और मिठाई का वितरण किया

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया**



भरगामा मंडल के अन्तर्गत भाजपा कार्यकताओं ने लोकप्रिय सांसद प्रदीप सिंह के जन्मदिन के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई दिया। भरगामा मंडल में इस अवसर पर फल और मिठाई का वितरण किया गया। भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा सांसद संसदीय क्षेत्र के हर कार्यकताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं और सभी कार्यकताओं के दुख सुख में अपनी सहभागी रहते हैं इसलिए हम सभी कार्यकर्ता उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं। कार्यक्रम में शामिल अध्यक्ष दिपक कुमार मुन्ना, पुर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, राज कुमार गुप्ता, नित्यानंद मेहता, अजय सिंह, चन्दन सिंह , जयप्रकाश पौद्दार, प्रकाश यादव,रघुनंदन साह, शशिकांत राय,अर्जुन ठाकुर एवं चन्द्रानन्द झा चाणक्य तथा अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री का किशनगंज दौरा

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**




दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा तैयारी आरंभ कर दी गई है, आज लोकसभा प्रवास के लिए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री कैलाश चौधरी का किशनगंज आगमन हुआ। पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से किशनगंज जिले के ठाकुरगंज एवं पौवाखाली पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा माननीय मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया गया। बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत देवोत्तर बिरनियां में स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए माननीय मंत्री। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एमएलसी डॉ दीलिप कुमार जायसवाल, पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका, पूर्व विधायक सिकंदर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, लखन लाल पंडित,उत्तम सिन्हा, श्रीकृष्ण दूबे, नगर अध्यक्ष किशलय सिन्हा, जीवन ठाकुर, सितुल सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री धीरज सिन्हा ने नेहरू कॉलेज में साइंस कॉमर्स की पढ़ाई की मांग केन्द्रीय मंत्री से की

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**




दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज बिहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहादुरगंज इकाई के नगर मंत्री धीरज सिन्हा एवं नगर सह मंत्री सुरज सिन्हा के नेतृत्व में परिसद के सद्स्यो ने निम्न बिंदुओं पर केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को ज्ञापन दिया। 1.बहादुरगंज प्रखंड के एकमात्र स्नातक स्तरीय महाविद्यालय नेहरू कॉलेज बहादुरगंज जिसमें केवल आर्ट्स विषय की पढ़ाई होती है साइंस और कॉमर्स पढ़ने के लिए बच्चों को बाहर के महाविद्यालय में नामांकन कराना होता है मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि हमारे नेहरू कॉलेज में अभिलंब साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई चालू की जाए।2. हमारे बहादुरगंज क्षेत्र के किसानों को समय पर खाद मिल पाता है जिन कारणों से इनकी खेती प्रभावित हो जाती है मैं श्रीमान से मांग करना चाहता हूं बिस्कोमान तथा प्रखंड के सभी पैक्सों में समय पर खाद वितरण को लेकर उचित व्यवस्था किया जाए।3. कृषि सिंचाई हेतु बिजली कनेक्शन के अप्लाई हेतु सैकड़ों किसान वंचित है इन किसानों को जल्द से जल्द एग्रीकल्चर कनेक्शन दिया जाए जिसके बाद वह मोटर से अपने खेतों का सिंचाई कर पाए।4. किशनगंज जिले में अप्रत्याशित रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों के जनसंख्या में वृद्धि 2005 से लगातार हुई है इस जिले में 2005 के बाद से सबसे ज्यादा बंगलादेशी घुसपैठ किए अपने आप को सुरक्षित मानकर यहां पनाहगाह हुआ है जिसके कारण किशनगंज की वास्तविक परंपरा एवं संस्कृति भी प्रभावित हुई है बांग्लादेशी घुसपैठियों के द्वारा आए दिन गौ तस्करी जाली नोट मानव तस्करी एवं लैंड जिहाद जैसे जगन अपराधियों को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में अशांति लगातार पैदा की जाती है।5. सीमांचल के क्षेत्र में लैंड जिहाद को समाप्त करने के लिए किसी सरकारी एजेंसी द्वारा इस क्षेत्र में रह रहे लोगों की वास्तविक पहचान की जाए और जो लोग अवैध प्रवासी हैं उन्हें निकाला जाए। इस दौरान परिषद के काबुल सिन्हा, कुन्दन सिन्हा, संजय सिन्हा, आयुष सिन्हा,बन्टी सिन्हा एवं अन्य परिषद के सदस्य मौजूद रहे

# अररिया एवं सभी अंचला अधिकारी अररिया जिला को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया

जिला संवाददाता मासूम रजा

दिनांक- 29.12.2022 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के पत्रांक 1755-1756, अररिया, दिनांक-16.09.2022 के आलोक में दिनांक- 11.02.2023, दिन- द्वितीय शनिवार को 10:30 बजे पूर्वाहन में व्यवहार न्यायालय, परिसर, अररिया में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों का निष्पादन समझौता के आधार पर कराया जाना है। उक्त क्रम में प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त अररिया द्वारा अपर समाहर्ता अररिया, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज, जिला स्थापना उप समाहर्ता अररिया, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल अररिया, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल अररिया, प्रभारी पदाधिकारी जिला नीलाम पत्र प्रशाखा अररिया, श्रम अधीक्षक अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, मोटरयान निरीक्षक अररिया, अग्रणी बैंक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक अररिया एवं सभी अंचलाधिकारी अररिया जिला को पत्र के माध्यम से निदेशित किया गया है कि दिनांक-11.02.2023, दिन- द्वितीय शनिवार को 10:30 बजे पूर्वाह्न में व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक सुलहनीय प्रकृति के मामलों को चिन्हित करते हुए संबंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर संबंधित अभिलेख के साथ उपस्थित होकर सुलहनीय वादों का निपटारा कराना सुनिश्चित करें।

# कोरोना के बढ़ते मामलों की जानकारी देने से क्यों कतरा रहा चीन




चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया है और कोरोना ने सबसे ज्यादा तबाही भी चीन में ही मचाई है। इसके बावजूद चीन कोरोना के बारे में जानकारी साझा नहीं कर रहा है। जिसकी वजह से भारत समेत दुनिया के कई देश चिंतित हैं। नवंबर 2019 से फैले कोरोना वायरस के बारे में चीन ने कोई जानकारी साझा नहीं की है।

जिसकी वजह से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोरोना ने जिस प्रकार से पहली बार तबाही मचाई थी, क्या 3 साल बाद कोरोना का नया वेरिएंट वैसी ही तबाही मचाएगा। भारत, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और इटली ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना टेस्टिंग अनिवार्य कर दिया है। वहीं ताइवान का कहना है कि चीन में महामारी की स्थिति पारदर्शी नहीं है। ऐसे में वायरस की जानकारी पर हमारी सीमित पकड़ है और वह सटीक नहीं है। चीनी सरकार एक तरफ कोरोना संक्रमण को लेकर जानकारी साझा करने से कतरा रही है। दूसरी तरफ सभी लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार करने को कह रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए अपनी नीतियों में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि सभी देशों के लोगों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

# जमीन कब्जा कर मकान बनाने को लेकर थाना में आवेदन

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका/कटोरीया थानान्तर्गत भोरसार भेलवा पंचायत के तसरिया गांव में जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने का मामला सामने आया है। गांव के देव नारायण यादवे ने सहोदर भाइ चंदरू यादव सहित चार के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि जमीन पर मकान का निर्माण करवाने के दौरान मना करने पर नामजद द्वारा गाली-गलौज करते हुए मौके से भगा दिया। साथ ही जमीन पर वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी नामजद आरोपित द्वारा उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। फिलहाले पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# संगठन मजबूती को लेकर जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा की मौजूदगी में कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**कुंडहित(जामताड़ा) चंचल गिरी की रिपोर्ट**



गुरुवार को कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक बनकाटी स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुंडहित प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्याधर दलाल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का कार्यकताओं द्वारा जोशो खरोश के साथ स्वागत किया गया। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा प्रखंड से लेकर पंचायत तक यह यात्रा कैसा हो इस पर विचार विमर्श किया गया। वही प्रखंड कमेटी का गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 50-50 लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाएं कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत का सबसे पुराना पार्टी है यह भारत को अंग्रेजों के गुलामी से आजाद कराया तथा कई सारे प्रधानमंत्री दिए। उन्होंने कहा कि संगठन में जो भी खामियां है, उसे पूर्ण किया जाएगा। पिछले त्रुटियों को सुधार कर नए सिरे से पार्टी को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ता पार्टी में जोड़ने की बात कही। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी कॉन्ग्रेस पार्टी के उम्मीदवार एवं समर्थित उम्मीदवार को जिताएंगे। जामताड़ा जिला में कांग्रेस पार्टी चुनौती भरा है इस चुनौती का सामना करने के लिए मुझे जिला अध्यक्ष बनाया गया है कहा कि चुनौती से लड़कर संगठन को धारदार बनाऊंगा। मौके पर जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के अलावे प्रखंड अध्यक्ष विद्याधर दलाल, श्यासुल हक, फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष जलालूद्दिन अंसारी,विमल कुमार भैया,अभय सिंह, रंजित मंडल, बाबलु सेख, कन्हाई वागती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक दिवसीय दलित नेतृत्वकर्ता अधिवेशन आयोजन

**बाका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका/कटोरिया प्रखंड मे 29 दिसंबर 2022, ज्ञान भवन कड़वामारन। बिहार दलित विकास समिति एवं दलित मुक्ति मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय दलित नेतृत्वकर्ता अधिवेशन आयोजित की गई। संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रौशन के अध्यक्षता में दीप जलाकर अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य निशा शालिनी एवं शिक्षा के जानकार सिनाई सुंदर नायक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में झाझा एवं चांदन प्रखंड से लगभग 100 से अधिक नेतृत्वकताओं ने सक्रिय रूप से न केवल शामिल हुए, बल्कि अपने अपने ग्राम संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन का प्रस्तुति किया जैसे सिधुडीह के रामू ताती, कुरुमताड़ से कार्तिक दास, नौकासार से दीपक कुमार दास, बलियाडीह से प्रिया कुमारी, भैरोंपुर से मुन्नी देवी , अम्बाभेलगुरी के अंकित कुमार आदि 15 ग्राम संगठन कताओं ने संगठन के उपलब्धि एवं चुनौती को बताया। इस अवसर पर महिला संगठन के प्रतिनिधि पिंकी देवी, रीना देवी, सुनीता देवी ने सामाजिक गीत की प्रस्तुति कर लोगों को मनमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्री नायक ने बताया कि समाज सुधार पर काम करने वाले संगठन एवं नेताओं का अभाव है। इसलिए यह संगठन लोगों को उनके अधिकार तक पहुंच, समुदाय में आपसी सौहार्द स्थापित करना, जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करना, सामाजिक मुद्दों को निराकरण करने का प्रयास करना, आर्थिक उपार्जन के लिए गतिविधि करना, बच्चों एवं महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करना आदि अन्य बुनियादी जरूरत को समझते हुए सामुहिक निर्णय लेना संगठन निर्माण का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि सुश्री निशा शालिनी ने बताया कि गैर बराबरी, असमानता, अस्पृश्यता,भेदभाव के विरुद्ध आज भी लड़ने की जरूरत है। पहले के अपेक्षा कमी जरूर आयी है, किन्तु एकदम से खत्म नहीं हुआ है और इसके लिए मजबूत संगठन की जरूरत है। हम आप सभी संगठनकर्ताओ को धन्यवाद देते हैं, संस्था के मार्गदर्शन में संगठित हो रहे हैं और संघर्ष कर रहे हैं। इस अवसर पर सामजिक कार्यकर्ता बलराम दास, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, रानी शर्मा आदि अन्य लोगों ने अपना अपना विचार रखा।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर सेख समीम की रिपोर्ट**




उप विकास आयुक्त श्री अनिलसन लकड़ा एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से झारनेट के माध्यम से वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में जिले के एक साथ कुल 1 लाख 1 हजार 856 लाभुकों को समाज कल्याण, सहकारिता, कल्याण, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत कुल 25 करोड़ 80 लाख 42 हजार 411 रूपए राशि का उनके बैंक खाते में किया गया हस्तांतरित दिनांक 29.12.2022 को झारनेट जामताड़ा में सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित जनसेवा के 03 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट भवन सभागार रांची में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें जामताड़ा जिला से उप विकास आयुक्त श्री अनिलसन लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी वर्चुअली झारनेट के माध्यम से जुड़े। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जामताड़ा जिला अंतर्गत समाज कल्याण, सहकारिता, कल्याण, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के कुल 1 लाख 1 हजार 856 लाभुकों के बीच 25 करोड़ 80 लाख 42 हजार 411 रुपए डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण उनके बैंक अकाउंट में किया गया। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 10233 किशोरियों को उनके बैंक खाता में शैक्षणिक सामग्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कुल 3 करोड़ 72 लाख 65 हजार रुपए का हस्तांतरण किया गया। वहीं सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजना मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में कुल 18369 किसानों को एक साथ कुल 6 करोड़ 42 लाख 91 हजार 500 रुपए सुखाड़ सहायता राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया गया ताकि किसान समय पर खाद बीज खरीद कर बेहतर तरीके से खेती कर सकें। वहीं कल्याण विभाग अंतर्गत छात्रवृति योजना के तहत कुल 73104 लाभुकों के बीच 15 करोड़ 3 लाख 52 हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। वहीं पशुपालन विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत विभिन्न कैटेगरी में 100 लाभुकों को कुल राशि 40 लाख रुपए का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया तथा गव्य विकास के अंतर्गत 50 लाभुकों को कुल राशि 21 लाख 33 हजार 911 रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाता में भेजा गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता श्री सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रधान माझी, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्री उत्तम कुमार भगत, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री अभय परासर, नोडल अधिकारी यूडीआईडी, श्री राजीव कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री बिरजू राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# भारत नेपाल सीमा पर भारी मात्रा में गांजा के साथ 03 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**

जिले के बिरपूर अनुमंडल में एस.एस. बी. 45 बटालियन की सीमा चौकी नरपत पट्टी , पिपराही एवं थाना- भपटियाही, बिहार पुलिस के संयुक्त छापेमार दल ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 363 किलो 150 ग्राम गांजा के साथ 03 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार। जानकारी देते हुए 45 वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री रुपेश शर्मा, उप-कमान्डेंट ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी रात्रि पहर में नेपाल से कोसी नदी के रास्ते विनोद कुमार यादव, पुत्र झकृष्ण देव यादव एवं बेचू मेहता, पुत्र झ जड्डु मेहता द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी कर गाँव भपटियाही वार्ड न. 07 में



किसी जगह पर इकठ्ठा किया गया है मिली आसूचना की विश्वसनीयता को देखते हुए एक विशिष्ट छापेमार दल का गठन किया जिसका नेतृत्व स्वयं रूपेश शर्मा,उप कमांडेंट के द्वारा किया गया। इसी सन्दर्भ में सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वार्ड न. 07, ग्राम झभपटियाही,जिला झसुपौल ,बिहार में छापेमारी की गयी, जिसमे बिनोद यादव एवं अमोद यादव, पिता- कृष्णदेव यादव, जयकृष्ण यादव, पिता-स्व. कैलू यादव, कमलेश्वरी यादव उर्फ सोमन, पिता-स्व. कुसुम लाल यादव, प्रदीप कुमार, पिता- बिन्देश्वरी के घरों में छापेमारी के दौरान क्रमशः 09 बोरी, 07 बोरी, 01 बोरी तथा 05 बोरी कुल 22 बोरियों में गांजा छुपा कर रखा गया था जिसे वजन करने पर 363 किलो 150 ग्राम पाया गया । घटना स्थल पर जब्त गांजा तथा हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कागजी कार्यवाई पूरी कर जब्त गांजा एवं गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों को थाना-भपटियाही,बिहार पुलिस, सुपौल के सुपुर्द किया गया ।

# भोजाई के प्यार में पागल, सनकी पति ने ली पत्नी की जान

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर,सुपौल**

जिले में सदर थाना क्षेत्र के लौकहा ओ पी के धपरिया वार्ड नंबर 13 में एक सनकी पति ने अपने ही पत्नी का देर रात धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। घटना को लेकर मृतिका गायत्री देवी के पिता ने बताया कि वर्ष 2011 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गायत्री की शादी लौकहा ओपी क्षेत्र के धपरिया गांव के वार्ड नंबर 13 निवासी स्वरूप लाल मंडल के बेटे अनिल मंडल से किया हुआ था। शादी के बाद पांच - छः वर्षों तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था जिस दौरान उसे 2 बच्चे भी हुआ, उसके बाद से ही अनिल को अपने ही भौजाई से प्रेम हो गया। जिसके बाद अनिल की पत्नी गायत्री ने इसका लगातार विरोध करती रही ।जिसको लेकर कई बार दोनों पति-पत्नी में मारपीट भी हुआ था, जिसका सामाजिक स्तर पर निपटारा कर दिया जाता था। हालांकि गायत्री के पिता ने



बताया पिछले नवंबर महीनों में भी इसी बात को लेकर दोनों पति - पत्नी में मारपीट हुआ था।

जिसमें घायल अवस्था में गायत्री को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था और स्थानीय महिला थाना में ɪ..१. के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन फिर दोनों पक्षों द्वारा सुलह समझौता कर लिया गया था , जिसके बाद फिर देर रात भाभी से नाजायज संबंध की बात को लेकर पति - पत्नी के बीच मारपीट शुरू हो गया और सनकी पति ने आक्रोश में आकर धारदार हथियार दबिया से गायत्री के सर पर 4 बार हमला कर दिया । जिसके बाद गायत्री खून से लथपथ होकर गिर गई और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही गायत्री की मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद अनिल मंडल के पूरे परिवार घटनास्थल से फरार है घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा मृत गायत्री के मायके वालों को मोबाइल से सूचना दिया गया,

जिसके बाद सूचना पाकर गायत्री के माता-पिता भाई सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा गायत्री मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़ी हुई है और सभी फरार है जिसके बाद गायत्री के पिता ने आज स्थानीय थाना लौकहा ओपी को इसकी सूचना दी जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लौकहा ओपी के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर घटना की छानबीन में जुट गई है हालांकि घटना के बाद गायत्री के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं ।

# जिला में औषधीय पौधे वैनिला की खेती शुरूआत ,जिला स्तरीय पर हुई चर्चा

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।**

जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर में गुरुवार को औषधीय पौधे वैनिला की खेती को लेकर जिला स्तरीय बैठक की गयी। जिसमे जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड कॉर्डिनेटर उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए जिला कॉर्डिनेटर प्रेम परितोष ने बताया कि फंडामेंटल एग्रो साइंस के द्वारा औषधीय पौधा वैनिला की खेती की जाएगी। जिसके लिए किसानों का चयन किया जाएगा।

और चयनित किसानों को निःशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। वही किसानों से पौधे के एवज में किसी प्रकार की राशि नही ली जाएगी। वैनिला पौधे से उत्पादित फसल से कई प्रकार के फ्लेवर, परफ्यूम, औषधि आदि बनाए जाते



है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसकी कीमत बेहतर मिलता है।इस मौके पर कॉर्डिनेटर जनरल शिव कुमार, संजय कुशवाहा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर बसंतपुर किरण कुमार, राघोपुर सुशील कुमार, सरायगढ़ भपटियाही महानंद कुमार मेहता, किसनपुर बिजेंद्र कुमार यादव, मरौना प्रदीप कुमार मेहता, निर्मली मीनू कुमारी, प्रतापगंज रानी देवी, छातापुर प्रेम कुमार साह, पिपरा अभिषेक आनंद, सुपौल यशवंत कुमार, त्रिवेणीगंज ज्योति राज समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सोहटा में हुई भाजपा कार्यकताओं की हुई अहम बैठक

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड के सोहटा में भाजपा की बैठक आज आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होकर पार्टी संगठन की मजबूती पर बल दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील प्रसाद कर्ण की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में मंडल क्षेत्र के कई कार्यकर्ता भी शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष श्री कर्ण ने बताया की भाजपा मंडल कार्य समिति छातापुर (द)की बैठक सोहटा पंचायत के वार्ड 6 स्थित मंडल मेहता टोला के 303 बूथ अध्यक्ष सुनील मंडल के आवासीय परिसर में संध्या समय मे सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ कमिटी/पन्ना प्रमुख की भूमिका एवं केंद्र प्रायोजित गरीब कल्याण योजनाएं पर गहन एवं विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सोहटा पंचायत के पूर्व मुखिया जवाहर प्रसाद सिंह,जिला उपाध्यक्ष गौरी भगत, जिला मंत्री गुड्डु साह, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सूरज चन्द्र प्रकाश पप्पू, मंडल उपाध्यक्ष ललितेश्वर पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष पवन हजारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सहनी आदि समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता थे।

# स्वयंसेवी संस्था हेल्प एज इंडिया के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**राजीब मिश्रा/दैनिक सुभ भास्कर,करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में बुजुर्ग संसाधन केंद्र संस्कृत निर्मली में स्वयंसेवी संस्था हेल्पेज इंडिया के तत्वावधान में हेल्पेज इंटरनेशनल के सहयोग से अस्तित्व परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक डॉ. एसएन मल्लिक, डॉ. संतोष कुमार एवं हेल्पेज इंडिया के परियोजना पदाधिकारी ज्योतिष कुमार, ने 40 होम केयर कर्यकताओं को प्रशिक्षण दिया। 24 से 26 दिसम्बर तक दो सत्रों में चले प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यकताओं को बुजुर्ग मरीजों के देखभाल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई। खासकर बुजुर्गों के साथ व्यवहार, बुजुर्गों के



लिए लाभप्रद व्यायाम, वैसे बुजुर्ग मरीज जो बिस्तर से खुद उठ नहीं सकते उनकी देखभाल, भूलने की बीमारी से निजात पाने एवं याददास्त बढ़ाने के तरीके पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही व्हील चेयर पर बैठाने एवं उठाने के तरीके, मधुमेह एवं रक्तचाप के लक्षण एवं ऐसे मरीजों की नियमित जांच, हार्ट अटैक के लक्षण एवं बचाव के तरीके के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई। इसके अलावा बुजुर्ग में होनेवाले अन्य बीमारियों के बारे में भी विस्तृत रूप से चर्चा की। इस मौके पर कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार, राम नारायण पासवान, फूलकुमारी देवी, राजकुमार मिश्र, नूर आलम, मु. हाशिम, विशम्भर लाल दास आदि उपस्थित रहे।

# कलभट्ट निर्माण हेतु वसीम ने किशनगंज सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर सीमांचल प्रभारी मोहम्मद चांद**

अररिया से गलगलिया न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना निमार्णाधीन रेल लाइन में ठाकुरगंज प्रखंड के तहत तातपोवा एवं दल्लेगांव को जोड़ने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क खोनादीघी पोखर के समीप तल मार्ग कलभट्ट निर्माण हेतु सांसद किशनगंज को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व मुखिया अफाक आलम के पुत्र वसीम अकरम के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि तापावर एवं दल्लेगांव पंचायत के वर्तमान में एनएच 327 ई 6 तातपोवा होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए दल्लेगांव पंचायत तक ग्रामीण सड़क है। जिसमें अररिया से गलगलिया तक न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति हो चुकी है। जिस पर रेलवे ट्रैक हेतु मिटटी भराई कार्य चल रहा है। उक्त रेलवे लाइन का तातापोवा पंचायत के खोनादिघी होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए जाएगी। जिसके कारण हम लोगों के गांव में जो मुख्य सड़क पड़ती है। वह सड़क मार्ग से वंचित हो जाएगा। हम लोग के गांव में बस स्टैंड, थाना एवं उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम कचहरी, हाट-बाजार है। जो आसपास के कई गांव एवं पंचायत का मुख्य केंद्र है। इस सड़क पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन बनाने से सभी ग्रामीणों को असुविधा होगी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उक्त रास्ता पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाने के स्थान पर अंडर पास तलमार्ग





कल्वर्ट बनाकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाया जाए। जिससे ग्रामीणों को सड़क मार्ग से जाने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उक्त तल मार्ग द्वारा रेलवे लाइन भी समुचित रूप से चालू हो सके। उक्त कल भट्ट के बनने से ग्रामीणों को लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क घूम कर जाने से बचा जा सकेगा। वहीं, एक दूसरे आवेदन के माध्यम से आर.सी.सी पुल में घटिया सामग्री उपयोग करने को लेकर सुखानी से दल्लेगांव पंचायत को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय विश्व बैंक द्वारा वित्तीय पोषित परियोजना के तहत सड़क निर्माण एवं आरसीसी पुल निर्माण कार्य एम.एम.जी.एस.वाई 19 किशनगंज 2- 7 पाट अपार्ट इ दोनों में काफी अनियमितता बरती जा रही है। योजना के तहत स्वीकृति सामग्री के जगह घटिया से घटिया स्तर की लोकल बालू एवं सिलीगुड़ी लोकल चिप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण के साइट पर प्राक्कलन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। साइट इंजीनियर भी साइट पर कभी नहीं आते हैं। जिसके अभाव में ठेकेदार द्वारा गलत सामग्री का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थान मेंची नदी इंडो नेपाल बॉर्डर के समीप है। जो सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण सड़क एवं ब्रिज है। इस ब्रिज के अनियमितता बरतना देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।इस परियोजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। ताकि, समय रहते हुए सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराई जा सके। ऐसा ना हो कि उद्घाटन के पहले ही यह ध्वस्त हो जाए और देश की सुरक्षा में खतरे में पड़ जाए।

# मजदुरी भुगतान में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की कवायद

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा /अररिया /मोहन कुमार**

भरगामा प्रखंड में मनरेगा मजदूरी भुगतान में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की सरकारी कवायद के तहत शुरू की गई। जॉब कार्डधारक मनरेगा मजदूरों के आधार सीडिंग का कार्य पूरा करा लिया गया । मनरेगा प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भरगामा प्रखंड क्षेत्र मे मनरेगा के अन्तर्गत सक्रिय जॉब कार्डधारियों की संख्या 29015 है । विभागीय निर्देश के मुताबिक मनरेगा अन्तर्गत सक्रिय मजदूरों के जॉब कार्डधारियों का आधार लिंक कराने का कार्य 30 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत पूरा करने का टास्क दिया गया था । जिसके तहत लक्ष्य के मुताबिक अब तक 29000 मनरेगा मजदूरों का



आधार सीडिंग किया जा चुका है । इस संबंध मे जानकारी देते हुए मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत कार्यरत मजदूरों का आधार लिंक अनिवार्य किया जा चुका है । क्योंकि मनरेगा मजदूरों का अब आधार बेस्ड भुगतान होगा । जो मनरेगा मजदूर किसी योजना मे कार्य करेंगे । उनके खाते मे ही मजदूरी का भूगतान किया जाएगा । उन्होने बताया भगामा प्रखंड क्षेत्र मे सक्रिय मजदूरों के आधार सीडिंग का लक्ष्य समय से पहले पूरा करा लिया गया है । इस कार्य मे सभी पंचायत रोजगार सेवको को जॉब कार्ड को लिंक करने हेतु निर्देशित किया गया था । उन्होंने बताया मजदूरों का आधार आधारित ही भुगतान होगा ।

# सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग

**भरगामा / अररिया मोहन कुमार**

भरगामा प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से जारी कनकनी में भी स्थानीय प्रशासन की ओर से भरगामा प्रखंड क्षेत्र मे अलाव की व्यवस्था नही किये जाने के कारण लोगों में मायूसी हैं । पिछले एक सप्ताह से पछुआ हवा व हाड कपा देने बाली ठंडक जारी है । इसके चलते राहगीरों समेत स्थानीय लोग काफी परेशान हाल दिख रहे है । बावजूद इसके भरगामा अंचल प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है । ठंड का कहर सबसे ज्यादा झूग्गी झोपडी मे रहने वाले लोगो पर टूटा है । ऐसे लोग अपने स्तर से नहरों आदि से लकडी लाकर अलाव का सहारा ले लिया है । वही सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था नही रहने से लोगो की मुश्किले ओर बढ गयी है । जबकि पिछले एक सप्ताह से ठंड के चलते लोगो का जनजीवन अस्त व्यस्त है । इस संबंध में सिरसिया हनुमानगंज के मुखिया प्रतिनिधी कुलदीप यादव, कुसमौल पंचायत के मुखिया संघ अध्यक्ष भागवत दास, रघुनाथपुर उत्तर के मुखिया प्रतिनिधी लड्डू यादव, समेत अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने अंचल प्रशासन से बढ़ते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है। स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रानंद झा चाणक्य , अशोक सिंह , मंडल अध्यक्ष दिपक कुमार मुन्ना ,जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र, सोनी पासवान , बबलु रजक , आशीष सिंह सोलंकी , संजय मेहता , श्रवण सिंह , राजेश झा आदि ने कहा पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में अंचल प्रशासन को ब्लाक कैपस , भरगामा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , भरगामा बाजार,महथावा बाजार, सुकेला मोड, खजूरी बाजार, सिमरबनी बाजार, सहित झुग्गी झोपडी वाले बस्तियो में व चौक- चौराहे पर अलाव जलाना शुरू कर देना चाहिए।

ताकि राहगीरों को ठंड में राहत मिल सके। ठंड से बचने को लोग दिन भर अपने स्तर से अलाव की व्यवस्था कर आग का सहारा ले रहे हैं। इन लोगो ने खजुरी बाजार , चरैया हाट , हिंगवा हाट , महथावा बाजार , सिमरवनी बाजार , सोकेला मोड पर अलाव जलवाने की मांग अंचलाधिकारी से की है

# अहले सुबह बालू चोरी का सिलसिला हो जाता है शुरू



**ब्यूरो रिपोर्ट किशनगंज**

किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र के मिरभिट्टा पुल के नीचे अहले सुबह बालू का अवैध खनन शुरू हो जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध खनन का कार्य कर खनन माफिया अपना जेब को गर्म करते हैं और सरकार के राजस्व में लाखों रुपए की प्रतिदिन क्षति करते हैं। अहले सुबह कोहरे की वजह से कुछ भी ठीक तरीके से दिखाई नहीं देता है इसी अंधेरे का फायदा उठाकर खनन माफिया सरकार के राजस्व में क्षति कर बालू चोरी करके बेचते हैं और अपना जेब गर्म करते हैं। जिलेभर में बालू के अवैध खनन को लेकर कई जगह कार्रवाई भी की जाती है इसके बावजूद भी खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि वे बालू का अवैध खनन करना नहीं छोड़ते हैं। खनन विभाग द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# अगरिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह को दिया गया जन्मदिन पर बधाई

**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**

दिनांक 29 दिसंबर को अररिया जिला के बीजेपी के सांसद प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ अपने आवास पर मनाया वही जन्मदिन का मुबारकबाद देने वालों में बीजेपी के युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता एवं वार्ड कमिश्नर वार्ड नंबर 2 के राजकिशोर यादव दीपू यादव बीजेपी के वार्ड अध्यक्ष एवं मासूम रजा छोटे बच्चा नन्हा सा प्यारा बच्चा हसन रजा ने भी जन्मदिन का बधाई दी बधाई देने वालों का सुबह से लेकर शाम तक ताता लगा रहा उनके आवास पर कोई फूल गुलदस्ता कोई मिठाई लेकर आते रहे और सांसद जी को बधाई देते रहे बताया कि सांसद जी हमेशा जात पात से ऊपर उठकर राजनीति करते आ रहे हैं उनका एक सिद्धांत सिर्फ यह है कि अररिया जिला के सभी जनता का



विकास कार्य कैसे किया जाए सांसद जी के आवास पर हर पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे वहीं लोजपा के जिला अध्यक्ष बधाई देने पहुंचे सांसद जी ने बताया कि मैं आप लोगों का आशीर्वाद चाहता हूं ताके मैं आप लोगों के साथ मिलकर आशीर्वाद लेकर हमेशा विकास में कार्य करता रहूंगा मैं जनता के लिए हूं मैं जनता के लिए जीता हूं और आगे भी आप लोग आशीर्वाद से अगर मैं 2024 में आप लोगों का आशीर्वाद से अगर सच्ची सही सलामत रहा और मैं जीत रहा तो 2024 में आप लोग सही से जीत दिल आए तो मैं विकास का कार्य करूंगा विकास की गंगा बहा दूंगा अररिया जिला के जनता के लिए चाहे जहां भी जाना पड़े जो भी करना पड़े मैं अररिया जिला के जनता के लिए मैं करूंगा

# फुटबाल टूनार्मेंट के फाइनल में शिरकत करने पहुंचे राजमहल विधायक अनंत ओझा



**राजमहल** जे.के.जमालपुर "कल्याणचक" क्लब द्वारा जमालपुर फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था।बीते गुरुवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने फुटबॉल टूनामेंट के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।मौके पर फाइनल मैच खेलने उतरी पिपराजोड़ी (कल्याणचक)और रिसौड़ मोर बरहरवा के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। विधायक ने फाइनल मैच का शुभारंभ फुटबॉल को किक मार के किया।इस दौरान उन्होंने ने कहा कि इस प्रकार के टूनामेंट के जरिए हमें नई प्रतिभाओं को ढूंढने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा की हिंदुस्तान की आत्मा गांव में बसती हैं इसका जीता जागता उदाहरण आज जमालपुर गांव में देखने को मिल रहा हैं बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे फुटबॉल प्रतियोगिता को देखकर मनोरंजन कर रहे है।इसलिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद बहुत जरूरी है गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष धर्मवीर एक्का,मुखिया सुनीता कुजूर ,राजेश मंडल,बीरबल खाखा, संदीप कुजूर,जिसु कुजूर सहित अन्य लोग थे।

# जिला के सभी पंचायतों में आज सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़/जिला के सभी पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण करते हुए अहर्ता रखने वाले लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके। जिला स्तरीय पदाधिकारीयों द्वारा विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण भी किया गया। उपायुक्त वरुण रंजन के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में गुरुवार को भी जिले के सभी पंचायतों में आज सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा



संचालित योजनाओं के लाभ के लिए आपको सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके पंचायत में आ पहुंचा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत हर घर को मिल सकें। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। पंचायत स्तर से ही आम लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी। उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती -साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायत दिवस कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतों के निष्पादन, योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित किया जा रहा है।

# बरहरवा नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर कार्यपालक को सौंपा ज्ञापन

बरहरवाः-गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के बरहरवा नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने बड़हरवा नगर कार्यपालक पदाधिकारी देवराज गुप्ता को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए अपील की है कि बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए।जिससे विभिन्न प्रकार के नगर में हो रहे नकारात्मक गतिविधियों पर प्रशासनिक नजर बनी रहे साथ ही चौक चौराहों पर सीसीटीवी लगवाया जाए ताकि शहर में अपराधिक घटनाओं एवं गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ एक सुरक्षित माहौल बने और पुलिस प्रशासन को अपराधिक घटनाओं को सुलझाने में सहायता मिल सके झामुमो नगर अध्यक्ष



कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापंक 02/22 के माध्यम से सामाजिक विधि व्यवस्था के संरक्षण के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा है जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उन्हें आश्वासन देते हुए इस ज्ञापंक पर जल्द ही चर्चा कर निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया है। वही इस संबंध में नगर अध्यक्ष कर्मवीर के इस सराहनीय कदम को लेकर पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें सराहा है। राजमहल लोक सभा सांसद बिजय हांसदा के सांसद प्रतिनिधि सपन भगत भी उपस्थित रहे

# उपायुक्त एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़ःआयोजित कार्यक्रम में जिले के एक साथ कुल 1 लाख 24 हजार 315 लाभुकों को समाज कल्याण, सहकारिता, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत कुल 30 करोड़ 37 लाख रूपए राशि का उनके बैंक खाते में किया गया हस्तांतरित गुरुवार को एनआईसी में सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित जनसेवा के 03 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट भवन सभागार रांची में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें पाकुड़ जिला से उपायुक्त वरुण रंजन व उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी सहित अन्य पदाधिकारी वर्चुअली झारनेट के माध्यम से जुड़े। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पाकुड़ जिला अंतर्गत समाज कल्याण, सहकारिता, कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के कुल 1 लाख 24 हजार 315 लाभुकों के बीच 30 करोड़ 37 लाख रुपए डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण उनके बैंक अकाउंट में किया गया। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 13,766 किशोरियों को उनके बैंक खाता में शैक्षणिक सामग्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कुल 4 करोड़ 93 लाख रुपए का हस्तांतरण किया गया। वहीं सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजना मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में कुल 25430 किसानों को एक साथ कुल 8 करोड़ 90 लाख रुपए सुखाड़ सहायता राशि का हंस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया गया ताकि किसान समय पर खाद बीज खरीद कर बेहतर तरीके से खेती कर सकें। इसी क्रम में जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 85,119 बच्चों को उनके बैंक खाता में कुल 16 करोड़ 54 लाख रुपए का हस्तांतरण किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ प्रसाद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ऋषि राज समेत अन्य उपस्थित थे।

# इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे भारत में शुरू करेगा ह्यइसुजु आई-केयर विंटर कैंप

**दैनिक शुभ भास्कर खड़गपुर / कोलकाता**




सबसे बेहतर सर्विस और स्वामित्व का अनुभव देने की इसुजु की प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के अपने प्रयास में, इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में ह्यइसुजु आई-केयर विंटर कैम्प चलाएगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी-मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 16 दिसंबर से 31 दिसंबर,2022 (दोनों दिन शामिल) के बीच, 'इसुजु केयर' की एक पहल, विंटर कैम्प का इंतजाम इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं।यह इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरू, बिमावरम, भुज, कालीकट, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जम्मू,जालंधर, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, मदुरै, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नागपुर, नेल्लोर, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, तिरुपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित इसुजु की सभी अधिकृत सर्विस फैसिलिटी पर आयोजित किया जायेगा।

# ट्रैक्टर मालिकों ने जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के नेतृत्व में नगर थाना में की शिकायत

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल(पाकुड़)**

पाकुड़/पाकुड़ मालपहाड़ी रोड टाटा शोरूम के समीप ट्रैक्टरों से पैसा वसूली को लेकर ट्रैक्टर मालिकों ने जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के नेतृत्व में नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता बब्बन मंडल ने लिखित तौर पर कहा है कि हम ट्रैक्टर मालिक बिजली ऑफिस के समीप टोल टैक्स में पैसा देते हैं। अचानक माल पहाड़ी रोड टाटा शोरूम के बगल में ट्रैक्टरों से पैसा लिया जा रहा है। यह देखकर हम लोग आश्चर्य हो गए। इसकी सूचना नगर थाना में दी गई, नगर थाना को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज यादव मौके पर उपस्थित हुए। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों की बात सुनी तथा इसका फैसला करने के लिए सभी को गुरुवार सुबह 11:00 बजे थाना बुलाया गया। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह 8:20 बजे मेरा मोबाइल नंबर पर शंभू भगत का कॉल आता है। वह कहते हैं कि तुम अभी ट्रैक्टर का पैसा जमा करो तुम्हें आधे घंटे का समय दिया जाता है अन्यथा मैं तुम्हें बर्बाद कर दूंगा। तुम मेरे साथ पंगा लोगे तो मैं तुम्हें खंडित खंडित कर दूंगा। गौतम मंडल कितना बड़ा नेता है हम उसे भी बर्बाद कर देंगे। मैं पंकज मिश्रा को भी बर्बाद कर चुका हूं और आलमगीर आलम मंत्री भी बर्बाद होने के कगार पर है। आपको बता दें कि बब्बन मंडल तथा शंभू भगत का एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सारी बातें सुनने को मिल जाएंगी हालांकि दैनिक शुभ भास्कर इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। जो कि यह एक जांच का विषय है। मौके पर ट्रैक्टर मालिक सत्यम सिंह, सोनू सिंह, मंटू मंडल, प्रदुम यादव ,राजू यादव, राजू सरकार, प्रदीप हाजरा, अजय कुमार चौधरी, रतन चक्रवर्ती एवं अन्य उपस्थित रहे'

# श्याम यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कुशल नेतृत्व 3 वर्ष पूरा करने पर शुभकामनाएं दी

**रिपोर्टिंग-अविनाश मंडल**

पाकुड़/ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड की सेवा और स्नेह के तीन वर्ष पूरा करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को कुशल नेतृत्व का शुभकामनाएं दिया और श्याम यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत राज्य के 6 लाख 63 हजार 910 किसानों को मिला लाभ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ₹232 करोड़ से अधिक उइळ के माध्यम से प्रति किसान परिवार को ₹3500 प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप में दो किसानों को चेक के माध्यम से योजना का लाभ दिया। 25 लाख छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ मिला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रवृत्ति के रूप में ₹500 करोड़ का वितरण किया।सांकेतिक रूप में अंकिता आईंद और पियूष रजक को छात्रवृत्ति की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। 5 लाख 52 हजार से अधिक किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मिला लाभ। ₹219 करोड़ की राशि किशोरियों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। सभी वर्गों के साथ सरकार खड़ी है और खड़ी रहेगी। इनके हक-अधिकार के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। चाहे सामाजिक सुरक्षा, नौकरी-रोजगार, किसान, शिक्षा, आधारभूत संरचना या नीति निर्धारण की बात हो। आपदा के बीच जीवन और जीविका को बहुत दृढ़ता के साथ पूरा करने की कोशिश की जो आज तक किसी भी सरकार ने नहीं कर सका।

# ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज**
**संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज अररिया से गलगलिया न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना निमार्णाधीन रेल लाइन में ठाकुर प्रखंड के तहत तातपोवा एवं दल्लेगांव को जोड़ने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क खोनादीघी पोखर के समीप तल मार्ग कलभट्ट निर्माण हेतु सांसद किशनगंज को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व मुखिया अफाक आलम के पुत्र वसीम अकरम के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि तापावर एवं दल्लेगांव पंचायत के वर्तमान में एनएच 327 ई 6 तातपोवा होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए दल्लेगांव पंचायत तक ग्रामीण सड़क है। जिसमें अररिया से गलगलिया तक न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति हो चुकी है। जिस पर रेलवे ट्रैक हेतु मिटटी भराई कार्य चल रहा है। उक्त रेलवे लाइन का तातापोवा पंचायत के खोनादिघी होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए जाएगी। जिसके कारण हम लोगों के गांव में जो मुख्य सड़क पड़ती है। वह सड़क मार्ग से वंचित हो जाएगा। हम लोग के गांव में बस स्टैंड, थाना एवं उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम कचहरी, हाट-बाजार है। जो आसपास के कई गांव एवं पंचायत का मुख्य केंद्र है। इस सड़क पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन बनाने से सभी ग्रामीणों को असुविधा होगी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उक्त रास्ता पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाने के स्थान पर अंडर पास तलमार्ग कल्वर्ट बनाकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाया जाए। जिससे ग्रामीणों को सड़क मार्ग से जाने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उक्त तल मार्ग द्वारा रेलवे लाइन भी समुचित रूप से चालू हो सके। उक्त कल भट्ट के बनने से ग्रामीणों को लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क घूम



कर जाने से बचा जा सकेगा। वहीं, एक दूसरे आवेदन के माध्यम से आर.सी.सी पुल में घटिया सामग्री उपयोग करने को लेकर सुखानी से दल्लेगांव पंचायत को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय विश्व बैंक द्वारा वित्तीय पोषित परियोजना के तहत सड़क निर्माण एवं आरसीसी पुल निर्माण कार्य एम.एम.जी.एस.वाई 19 किशनगंज 2- 7 पाट अपार्ट इ दोनों में काफी अनियमितता बरती जा रही है। योजना के तहत स्वीकृति सामग्री के जगह घटिया से घटिया स्तर की लोकल बालू एवं सिलीगुड़ी लोकल चिप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण के साइट पर प्राक्कलन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। साइट इंजीनियर भी साइट पर कभी नहीं आते हैं। जिसके अभाव में ठेकेदार द्वारा गलत सामग्री का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थान मेंची नदी इंडो नेपाल बॉर्डर के समीप है। जो सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण सड़क एवं ब्रिज है। इस ब्रिज के अनियमितता बरतना देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।इस परियोजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। ताकि, समय रहते हुए सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराई जा सके। ऐसा ना हो कि उद्घाटन के पहले ही यह ध्वस्त हो जाए और देश की सुरक्षा में खतरे में पड़ जाए। इस कार्य के लिए श्रीमान को अविलंब जांच हेतु कमेटी बनाई जाए ग्रामीणों ने सांसद किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के अलावे रेल मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री बिहार, उपमुख्यमंत्री बिहार, रेलवे राज्य मंत्री भारत सरकार, मुख्य अभियंता एनएफ रेलवे मालेंगांव असम, जी.एम पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन कटिहार डिविजन के मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य अभियंता एनएफ रेलवे न्यू जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल, ठाकुरगंज विधायक, क्षेत्रीय प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव, विधान पार्षद डॉ दिलीप जायसवाल, जिला पदाधिकारी किशनगंज, स्थानीय पूर्व मुखिया, स्थानीय मुखिया दल्लेगांव, स्थानीय समिति स्थानीय मुखिया तातपोवा को भी पत्राचार की प्रति भेजी है।

# जनसेवा के 03 वर्ष उन्होंने के उपलक्ष में राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

साहिबगंज ; मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं जिले के सिदो कान्हू सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कोई जिला स्तर पर मुख्य अतिथि के रुप में माननीय सांसद राजमहल विधानसभा क्षेत्र विजय हांसदा, जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका किस्कू, झामुमो के जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी उपायुक्त रामनिवास यादव उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, कार्यपालक दंडाधिकारी मिथिलेश झा समेत जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी गण स्वयं सहायता समूह की महिला विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले लाभुक राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सीधे जुड़े रहे कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त श्री यादव ने माननीय सांसद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं संबंधित पदाधिकारियों ने भी मुख्य अतिथि गणों को पुष्पगुच्छ देकर उनका कार्यक्रम में स्वागत किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि समिति उपायुक्त एवं सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त का संबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले की उपलब्धियां बताएं एवं कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। जिला विकास के पथ पर है उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन तत्परता एवं पूरी कटिबद्ध ता से कार्य कर रहा है इस बीच उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 19533 लाभुकों को पी एफ एम एस के माध्यम से अपनी पढ़ाई आगे जारी रखने हेतु संबंधित राशि उनके बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई है। जबकि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत 21311 लाभुकों डीबीटी के माध्यम से राशि का स्थानांतरण कर दिया गया। भूमि



संरक्षण प्रभाग द्वारा कृषि क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने एवं कृषि कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य 38 मिनी ट्रैक्टर का वितरण एवं 122 स्वयं सहायता समूह को चक्रीय निधि, जबकि 96257 छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की राशि कहा स्थानांतरण एवं मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत 356 लाभुकों को लाभ की राशि प्रदान की जा रही है।माननीय सांसद राजमहल विधानसभा क्षेत्र का संबोधन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने कहा कि झारखंड सरकार सफलता से 3 वर्ष पूर्ण कर चुकी है इन 3 वर्षों में सरकार द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से वंचित एवं जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया गया है बच्चियों के लिए आगे पढ़ाई जारी रखने हेतु योजना हो या सर्वजन पेंशन के माध्यम से वृद्ध माताओं बहनों दिव्यांग जनों को उनका हक दिया जा रहा है।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड को विकास की दिशा में गतिशीलता प्रदान करने के लिए वह माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हैं साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि सरकार के कदम से कदम मिलाकर चलने हेतु लगातार प्रयासरत हैं एवं आगे भी अपना प्रयास जारी रखेंगे जिसके माध्यम से हर समुचित सुविधा जनता ओं को पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 114 लाभुकों को किया गया लाभान्वित।आज के कार्यक्रम में कुल 114 लाभुकों को सांकेतिक रूप से माननीय मुख्य अतिथि अतिथि गणों एवं उपायुक्त के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र ट्रैक्टर की चाबी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की चाबी सेविका सहायिका का चयन पत्र एवं मुख्यमंत्री किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया

# विधुत विभाग का राजस्व संग्रह के लिए लगा कैंप

**मंडरो।** साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग का राजस्व संग्रह को लेकर बिजली बिल वसूली कैंप लगाया गया। कैंप लगाकर तेतरिया, कजरैल, उपरबंधा गांव में गुरुवार को विद्युत उपभोक्ता का बकाया बिजली बिल वसूली हुई। इधर विधुत विभाग के कर्मियों ने उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए



बताया गया कि जिन उपभोक्ताओं के घर पर अब तक विद्युत मीटर नहीं लगा है। वैसे उपभोक्ता अपने घर पर विद्युत मीटर लगवा ले साथ ही विभाग के द्वारा निशुल्क एक सौ यूनिट का लाभ उठाएं। क्योंकि कई ऐसे उपभोक्ता है जो जागरूकता के अभाव में कानूनन कार्रवाई का शिकार हो जाते हैं। इस मौके पर बिजली विभाग के कर्मी भागीरथ रजवार, संतोष ठाकुर, विजय कुमार सिंह, उर्जा मित्र अमित कुमार, प्रिंस कुमार, उपेन्द्र कुमार, जुगल मरांडी मौजूद थे।

# ट्रांसपोर्टर एवं युवकों ने किया बैठक कहा कंपनी दे हमें रोजगार तो हम हैं कंपनी के साथ

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पचवारा सेंट्रल कोल ब्लॉक के एमडीओ दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड में रोजगार बकाया भुगतान सहित अन्य मुद्दों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक स्थानीय प्रकृति विहार पार्क में हुई ।बैठक में मुख्य रूप से कोल कंपनी डीबीएल में स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने सहित ट्रांसपोर्टरों एवं बकायेदारों का बकाया भुगतान करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। वही बैठक को संबोधित करते हुए पचवारा सेंटर कॉल ब्लॉक के पूर्व ट्रांसपोर्टर मंटू भगत ने कहा की हमारे क्षेत्र में संचालित कोल कंपनी डीबीएल स्थानीय युवाओं को रोजगार देने को लेकर कंपनी के वरीय अधिकारियों से वार्ता की जाएगी,उन्होंने आगे कहा कि हमें संगठित होकर कंपनी के ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय सहित सड़क प्रबंधन में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई कंपनी डीवीएल स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं की मांगों को नहीं सुनती है तो सभी ग्रामीण कंपनी के विरोध में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वही बैठक को संबोधित करते हुए विजय भगत ने कहा कि क्षेत्र में



बेरोजगारी काफी बढ़ गई है ऐसे में सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अपने ही क्षेत्र में कोल कंपनी में रोजगार की आस है,ऐसे में कोल कंपनी के अधिकारियों से मिलकर इस दिशा में अभिलंब पहल करने की मांग की जाएगी उन्होंने आगे कहा कि कोल कंपनी युवाओं को ट्रांसपोर्टिंग सहित अन्य कार्य में शामिल करें ऐसा नहीं करने पर कंपनी के विरोध में आंदोलन किया जाएगा, वही बैठक को संबोधित करते हुए ट्रांसपोर्टर मनोज भगत ने कहा कि कंपनी काफी लंबे समय से स्थानीय ट्रांसपोर्टरों एवं बकायेदारों का पूर्ण रूप से बकाया भुगतान कंपनी ने नहीं किया है ऐसे में कंपनी के समक्ष बकाया भुगतान और स्थानीय लोगों को कोल कंपनी में रोजगार देने को लेकर वार्ता की जाएगी, आगे कहा कि क्षेत्र के जितने भी बेरोजगार युवक हैं,उन सभी को ट्रांसपोर्टिंग का वर्क आर्डर देने की मांग कंपनी के अधिकारियों से की जाएगी और कहा कि कंपनी के चाहे जो भी अधिकारी हो अगर वह स्थानीय बेरोजगार युवाओं को काम देंगे तो ग्रामीण कंपनी के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेंगे। वही बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय युवा अभिषेक भगत ने कहा कि कंपनी के द्वारा चाहे किसी व्यक्ति के द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को ट्रांसपोर्टिंग सहित अन्य कार्य में जोड़ा जाता है तो हम युवा कंपनी के साथ हर घड़ी खड़े हैं एवं हर कदम पर हम युवाओं का समर्थन कंपनी को रहेगा। वही बैठक को संबोधित करते हुए गुना मुर्मू ने कहा कि कोल कंपनी से हम ग्रामीण एकजुट होकर मानदेय भुगतान की मांग करेंगे उन्होंने कहा कि काफी समय से कंपनी ने सैकड़ों लोगों को मानदेय का भुगतान नहीं किया है ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर बकाया सहित मानदेय भुगतान व रोजगार की दिशा में पहल करने की आवश्यकता है मौके पर कन्हाई प्रसाद, मोहम्मद शौकत अली, मोहम्मद आफताब ,गेब्रियल किस्कू, कालिदास मुर्मू, संजय भगत, विनोद भगत, सीताराम भगत, मोहित कुमार, रोहित कुमार, अभिजीत कुमार, आकाश जायसवाल, सनी कुमार, सोनू कुमार, अमन कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, नरेशकांत शाह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## महेशपुर पुलिस ने चलाया देशी और अवैध शराब बनाने वालों पर अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड महेशपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने आज महुआ और देशी शराब बनाने वालों पर चलाया जोरदार अभियान, अवैध शराब बनाने वालों में पुलिस की करवाई से मचा हड़कंप,पुलिस के द्वारा सिमपुर तथा तुलसीपुर गांव में भारी मात्रा में अवैध महुआ दारू का बिनिषटीकरण किया गया है।

## रांची में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़े उपायुक्त एवं जिले के पदाधिकारी

**शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़/ गुरुवार को एनआईसी में सरकार के 03 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित जनसेवा के 03 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट भवन सभागार रांची में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें पाकुड़ जिला से उपायुक्त वरुण रंजन व उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी सहित अन्य पदाधिकारी वर्चुअली झारनेट के माध्यम से जुड़ जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिया ।राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पाकुड़ जिला अंतर्गत समाज कल्याण, सहकारिता, कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के कुल 1 लाख 24



हजार 315 लाभुकों के बीच 30 करोड़ 37 लाख रुपए डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण उनके बैंक अकाउंट में किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 13,766 किशोरियों को उनके बैंक खाता में 4 करोड़ 93 लाख रुपए, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में कुल 25430 किसानों को 8 करोड़ 90 लाख रुपए सुखाड़ सहायता राशि,प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 85,119 बच्चों को उनके बैंक खाता में कुल 16 करोड़ 54 लाख रुपए का उनके बैंक खाता में हस्तांतरण किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ प्रसाद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ऋषि राज समेत अन्य उपस्थित थे।

## पाकुड़ नगर थाना में ट्रैक्टर गाड़ी मालिक द्वारा सनाह दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया गया

**रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ नगर थाना में ट्रैक्टर ऑनर द्वारा सनहा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया वपन मंडल पिता प्रहलाद मंडल साकिम गौविन्दपुर जिला - पाकुड़ का निवासी हुँ ।मेरा दो ट्रैक्टर पाकुड़ में चलता है। कल दिनांक 28-12-22 तरकिबन दिन के 11 बजे मेरे ड्राइवर को फोन आया कि माल पहाड़ी रोड टाटा शोरूम के पास नगर परिषद के समवेदक के द्वारा प्रति ट्रैक्टर प्रतिटिप 100₹ मांगा जा रहा है, हम बात को लेकर हम सभी ट्रेक्टर मालिक टोल टैक्स वाली जगह पर पहुंचे और पैसा बसुल करने वाले लोग बात किये तब अचानक से टोल टैक्स कब लग गया हम लोग तो बिजली ऑफिस के पास पैसा देते है, यह अचानक कब खुला इसी क्रम मे नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार घटना स्थल मे आये और बात किये की नगर



थाना प्रभारी ने सभी बातें के सुने के बात गुरुवार को दिनांक 29-12-22 दिन के 11 बजे हम सभी ट्रैक्टर मालीक को थाना बुलाये इसी क्रम मे सुबह तरकीबन 8:20 पर मेरे मोबाइल पर मोबाइल संख्या 9431163963 से फोन आया हमने पुछा आप कौन बोल रहे हैं मैं शंभु भगत टोल ट्रेक्स समवेदक बोल रहा हुँ, तुम अभी जा कर पैसा जमा करो, कानून तुम बनाओ और बोलते- बोलने उन्होनें कहा कि मे तुमको बरबाद कर दूंगा, और तुम मेरे साथ लगोगे तो खण्डीत - खण्डीत हो जाओ. से इसी मे हमने बोला की भाईया 11 बजे समय रखा गया है. इसमें जो फैसला होगा हम वह मानेगें, फिर उन्होने बोला की गौतम मंडल कितना बड़ा नेता है उसको बर्बाद कर देंगे पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम बर्बाद कर दिए तो तुम क्या चीज हो इनकी बानी बहुत कठोर है मुझे और मेरे नेता गौतम मंडल को अगर कुछ होता है तो इसकी जवाबदेही पूर्ण रूप से शंभू भगत की होगी कृपया करके सनहा दर्ज करने की कृपा करें मौके पर उपस्थित प्रदीप हाजरा अजय कुमार चौधरी राज्य सरकार रतन चक्रवर्ती सत्यम सिंह सोनू सिंह मंटू मंडल राजीव यादव दर्जनों ट्रैक्टर मालिक मौजूद थे।

## पंचायत भवनों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया सभी पंचायतों में मुखिया की देखरेख में आयोजन संपन्न किया गया । इस दौरान पाकुड़िया सहित मोंगलाबाँध , बीचपहाड़ी, बनियापसार, बसंतपुर , डोमनगडिया , बननोग्राम , लागडुम , गनपुरा सहित अन्य पंचायतों में ग्रामीणों की मौजूदगी में रोजगार दिवस का आयोजन हुआ।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार एवं अंचलाधिकारी किरण डांग ने कई पंचायत कार्यालयों में पहुँच कर लोगो की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मनरेगा का नया जॉबकार्ड का पंजीकरण ,रोजगार का आवंटन,समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, आवास निर्माण योजना सहित अन्य से संबंधित समस्याओं को सुना ।साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार ने पंचायत सचिव को इन सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

## तिलक सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता अरविन्द यादव देवीपुर**

तिलक सेवा समिति देवघर द्वारा आयोजित सार्वजनिक जनहित में नशामुक्ति जागरूकता अभियान सह कंबल वितरण समारोह सफलता पूर्वक संपन्न महती संख्या में जरूरत मंद लोगों के बीच निःशुल्क कंबल वितरण किया गया लगभग 500 सो लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया साथ ही नशा मुक्ति अभियान भी चलाकर लोगों को जागरूक किया गया इस अवसर पर तिलक सेवा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज से यह संदेश लेकर जाएं और अपने अपने परिवार वालों को जागरूक कर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी थाना प्रभारी देवीपुर ने भी समिति द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना कि समिति के वरीय संरक्षक पूर्व प्रधान जिला जज ने भी अपने अंदाज में समिति द्वारा चलाए जा रहे कार्य की सराहना कि समिति के वरीय उपाध्यक्ष युवा समाज सेवी ने भी विस्तार से जानकारी दिया समिति कोष अध्यक्ष श्री राजेश कुमार शाही ने भी अपने संबोधन में कहा कि समिति लगातार समाज सेवा में कार्य कर रही है देवघर से आए अधिवक्ता सह प्रभात खबर के संपादक श्री फाल्गुनी मारिक कुशवाहा ने भी अपने संबोधन भाषण में समिति के कार्यों की सराहना कि जबकि मंच संचालन बिपुल कुमार मिश्रा ने किया इस अवसर पर प्रधान संघ के वरुण कुमार हरिकृष्ण बरनवाल महिला नेत्री माया केशरी के साथ महिला टीम ने भी महती भूमिका निभाई तथा काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## झारखंड के 3 वर्ष पूरा करने पर हेमंत सरकार को जिला अध्यक्ष ने दी बधाई

**संवाददाता अभिषेक तिवारी**



पाकुड़/ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड की सरकार के तीन वर्ष पूरा करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कुशल नेतृत्व का शुभकामनाएं दी और कहा कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत राज्य के 6 लाख 63 हजार 910 किसान लाभान्वित हुए हैं। ₹232 करोड़ से अधिक उझळ के माध्यम से प्रति किसान परिवार को ₹3500 प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप में दो किसानों को चेक के माध्यम से योजना का लाभ दिया। 25 लाख छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ मिला। छात्रवृत्ति के रूप में ₹500 करोड़ का वितरण किया ।सांकेतिक रूप में अंकिता आईंद और पियूष रजक को छात्रवृत्ति की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। 5 लाख 52 हजार से अधिक किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मिला लाभ।₹219 करोड़ की राशि किशोरियों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। सभी वर्गों के साथ सरकार खड़ी है और खड़ी रहेगी।इनके हक-अधिकार के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। चाहे सामाजिक सुरक्षा, नौकरी-रोजगार, किसान, शिक्षा, आधारभूत संरचना या नीति निर्धारण की बात हो हेमंत सरकार सबसे आगे है।आपदा के बीच जीवन और जीविका को बहुत दृढ़ता के साथ पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

## अधिवक्ता लिपिक कल्याण कोष स्टांप का किया गया विमोचन

**रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ में व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मोहिउद्दीन एवं सचिव दीपक कुमार ओझा के संयुक्त तत्वाधान में अधिवक्ता एवम अधिवक्ता लिपिकों की उपस्थिति में अधिवक्ता लिपिक कल्याण कोष स्टांप का विमोचन किया गया। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मोहिउद्दीन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि पूरे झारखंड के तर्ज पर पाकुड़ में भी अधिवक्ता लिपिकों के लिए ₹5 का स्टांप भविष्य कल्याण निधि के लिए वकालतनामा एवं सभी प्रकार के शपथ पत्र पर चिपकाया जाएगा।जिला विधिज्ञ संघ के सचिव दीपक कुमार ओझा ने कहा कि अधिवक्ता लिपिकों के लिए भविष्य निधि के तौर पर ₹5 का स्टांप वकालतनामा एवं सभी प्रकार के शपथ पत्रों में चिपकाया जाएगा जिस भी शपथ पत्र में ₹ 5 का स्टांप नहीं चिपकेगा वह अमान्य माना जाएगा। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सभी जिला के न्यायालयों में इस संबंध में पत्राचार किया गया है। इसीलिए ₹ 5 का स्टांप लगाना आवश्यक होगा ।उन्होंने उपस्थित अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को संबोधन करते हुए यह भी कहा कि अब से यह ₹5 का टिकट लगाना आप लोगों की अपनी जिम्मेदारी होगी तथा वही उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन घोष ने कहा कि यह लंबी संघर्ष का परिणाम वअधिवक्ता लिपिकों के लिए स्वर्णिम दिन है। आज से ₹5 का स्टांप अधिवक्ता लिपिक कल्याण कोष के तहत सभी शपथ पत्र एवं वकालतनामा में लगेगा। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 में ही अधिवक्ता लिपिकों के लिए यह अधिनियम बन गया था जो आज धरातल पर आया है ।,इसके लिए माननीय उच्च न्यायालय एवं झारखंड सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद है। उपस्थित अधिवक्ता लिपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि अधिवक्ता लिपिकों का पेंशन, रिटायरमेंट एवं मेडिकल के तहत उसका उपयोग किया जाएगा, उन्होंने कहा कि झारखंड बार काउंसिल के चेयरमैन माननीय राजेंद्र कृष्णा को इस अधिवक्ता लिपिक कल्याण कोष का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता रुहुल अमीन, पी.के त्रिवेदी , असराफुल हक, अंबोज कुमार वर्मा, संजीत मुखर्जी , पिंटू कुमार दास,देबेंदु मंडल, दिजेंद्र साहा,अनूप कुमार ओझा, संजय भगत ,प्रवीर पाल , नादेर हुसैन, तोहीदुर रहमान, शिव शंकर केवट ,शसुरेन्द्र साहा,अधिवक्ता लिपिक, उत्तम भगत, जितू सरदार, कैलाश केवट ,रंजित माल पहाड़िया , दुलाल सरदार ,काली बाबू कर्मकार एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता तथा अधिवक्ता लिपिकों को धन्यवाद दिया ।

## नगर परिषद पाकुड़ के कार्यपालक पदाधिकारी वार्ड नंबर 15 के निवासी नाली में जल जमाव की समस्या का समाधान को लेकर दिया आवेदन

**संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिले के शीतला मंदिर स्थित वार्ड नंबर 15 पंडित मोहल्ला के निवासी हमलोग मोहल्ला वासी का कहना है कि हमलोग मोहल्ला वार्ड न0 15 पो० पाकुड़ जिला पाकुड़ का स्थायी निवासी हैं। हमलोगों का घर बना हुआ है मगर नाली का जल का निकासी पिंटु शर्मा तथा ललन झा के घर के बगल से है मगर इन दोनों घरों के द्वारा निजी जमीन कहकर नाली का जल के निकास अवरुद्ध कर दिया जा रहा है। जिससे हम सभी के नाली का गंदा जल जमा होता जा रहा है और जल



निकास का कोई साधन दिखता नजर नहीं आ रहा है तथा जल जमाव के कारण विभिन्न प्रकार के बिमारी तथा शांति भंग होने का खतरा भी दिन पर दिन बढ़ते जा रहा है जल जमाव के कारण बहुत सारी समस्या हो रही है हालत को देखते हुए आज के समय कोविड 19 के कारण और भी डर लगता है नाला के जल जमाव के कारण हमारे आस पास के हालत खराब दिखते नजर आ रहे है। कि आप हमारे निजी स्थायी स्थल की जॉच कर नाली के निर्माण हेतु अपनी सहमती प्रदान करने की कृपा करे। और हमने उपायुक्त अंचल कार्यालय उप विभागीय पदाधिकारी को आवेदन दे चुका हूं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जांच कर अविलंब कार्रवाई की जाए।

## वन विभाग ने मारा छापा

**संवादाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ बुधवार को रात्रि में मिली गुप्त सूचना के आधार पर रजनीश कुमार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, पाकुड़ के निदेश पर आर बी प्रसाद, वन क्षेत्र पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व मे त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल का गठन कर पाडिया गणपुरा पथ पर तैनात किया गया।इसी क्रम में अहले सुबह के करीब 01:30 बजे गठन कर गश्ती के कम मैं हिरणपुर-कोटालपोखर तुरसादिह पथ पर तैनात थे. इसी बीच एक पिक अप वाहन संख्या डब्लू बी19 जी- 9374 हिरणपुर की ओर से आते हुए को रोकने का ईशारा किया उक्त वाहन चालक गश्ती दल को देखकर वाहन को रोककर वाहन चालक एवं एक अन्य व्यक्ति भागने लगे तभी गश्ती दल द्वारा उनका पीछा कर दोनों व्यक्तियों को मौके पर पकड़ लिया, और उक्त वाहन का जांच करने पर पाया कि ऊसपर ताजा कटा हुआ साल बोटा लोड है ।उक्त पिक अप वाहन संख्या- डब्ल्यूबी19 जी-9374 तथा लकड़ी का जांच किया गया जिसमें किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं पाया गया, जिसे अवैध मानते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 9/1900) की धारा-41, 42, सह पठित झारखण्ड काठ तथा अन्य वनोपज के अभिवहन का विनियमन की नियमावली, 20020 की धारा-18 के उलंघन करने के जुर्म में धारा 52 के अंतर्गत जब्ती की कार्रवाई की गई तथा धारा 64 के तहत (1) तारापद सेन, पिता स्व० अर्जुन फोन ग्राम-धमनीबाजार थाना-सुन्दरापहाड़ी, जिला-गोडा, (2) फारूख सेख, पिता- २०० महेमुल सेख, ग्राम- रानीपुर थाना-हिरणपुर, जिला- पाकुड़ झारखण्ड को गिरफ्तार कर लिया गया। जप्त पिक अप वाहन तथा 13 पीस ताजा कटा साल बोटा को सुरक्षा हेतु वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, पाकुड़ में रखा गया है।वन माफिआवों के विरूद्ध लगातार छापामारी जारी है. वैसे शातिर अपराधियों को तुरन्त गिरप्तार कर जेल भेजने के लिए वन विभाग ने कमर कस ली है।गश्ती दल में मुख्य रूप आरती प्रसाद वन क्षेत्र पदाधिकारी, पाकुड़ बबलू कुमार देहरी वनपाल, पाकुड़, निलु निकुदिमु किस्कू, स्टीफन हेम्ब्रम के साथ गृहरक्षक भोला, अनुप, पिन्टू संजीव, तौसीफ तथा अन्य वनकर्मी शामिल थे।

## यातायात व्यवस्था को लेकर एसडीओ कार्यालय में हुई बैठक

**संवाददाता अभिषेक तिवारी**
**लोकेशन /पाकुड़ /झारखंड**
**बाइट/ एसडीएम हरिवंश पंडित**

पाकुड़ कोर्ट परिसर स्थित अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित की अध्यक्षता में यातायात संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से शहर के यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। मौके पर सीईओ आलोक वरुण केसरी नगर पालिका पदाधिकारी कॉशलेस यादव नगर थाना प्रभारी सह निरीक्षक मनोज कुमार और चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी गन आए थे एसडीओ हरिवंश पंडित ने कहा ट्रैफिक व्यवस्था को स्वीकृत करना है बैठक में प्रस्ताव रखा गया हरिवंश पंडित ने दिया आदेश नो एंट्री मैं भी शहर में कई गाड़ियां घुस जाती है उन पर सख्ती से कार्रवाई हो का शक्ति से अनुपालन हो जो बिना लाइसेंस के छोटे बच्चे टोटो ऑटो चलाते हैं उन पर कार्रवाई हो टोटो ऑटो के लिए जो जगह चिन्हित की गई है नए साल में स्वीकृत कर दी जाएगी हिरण चौक गांधी चौक रेलवे फाटक सड़क के दाएं और बाएं अतिक्रमण किए हुए हैं उन जनों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए पूर्वी और पश्चिम कोर्ट कैंपस जो व्यवसाय मुख्य पथ पर दुकान बढ़ाकर लगाते हैं कल से दुकान पीछे करके लगाने का दिया आदेश

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737,प्रजापति पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।